

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



तय समय पर रिलीज होगी ........ | सबसे बड़ा चैलेंज था....

वर्ष : 12 | अंक : 136 | लखनऊ, 08 मई, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### झारखंड में गुटखा, पान मसाला पर प्रतिबंध



रांची। राज्य सरकार ने तंबाकू, निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला के निर्माण, भंडारण, बिक्री व वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने यह फैसला खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम-2006 की धारा 30(2)(ए) और खाद्य सुरक्षा एवं मानक (बिक्री पर निषेध और प्रतिबंध) विनियमन 2011 के नियम के तहत लिया है।

### नहर में डूबने से 3 युवकों की मौत, 2 बचाए गए



ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हर्षपुर में गुरुवार को नहर में नहाने गए पांच युवकों में से तीन की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाते समय एक युवक गहरे पानी में जाने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में अन्य साथी भी डूबने लगे।

### गैस सिलेंडर नहीं मिलने से भारी भीड़

समुदवा में भारत गैस एजेंसी पर ग्राहक परेशान

मिजार्पुर के राजगढ़ विकासखंड में स्थित रूबी भारत गैस एजेंसी समुदवा सक्तेशगढ़ चुनार पर ग्राहकों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं।इस कारण एजेंसी पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 'सरके चुनर': महिला आयोग में पेश हुईं नोरा



नई दिल्ली। मार्च में रिलीज हुए अभिनेत्री नोरा फतेही के गाना 'सरके चुनर' पर जमकर विवाद हुआ था। अब गुरुवार को इस मामले में एक्ट्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। यहां उन्होंने मीडिया से बात कर अपनी सफाई दी।राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यालय से बाहर निकलते हुए नोरा ने मीडिया से बात कर मामले पर अपनी सफाई दी।

### पंजाब के स्कूलों को दी धमकी, बम से उड़ा देंगे



जालंधर। पंजाब के सीएम भगवंत मान शुकराना यात्रा के दौरान जालंधर और फरीदकोट में हैं। दोनों जिलों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में सीएम मान और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को कार बम से उड़ाने की भी बात लिखी गई है। बीएसएफ चौक के पास एक्टिवा ब्लास्ट के बाद धमकियों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

---

### सहारनपुर में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

# बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा ने सरकार बना विभाजनकारी सोच वालों को दिखाया आईना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में कहा कि असम, पुडुचेरी और बंगाल में भाजपा की जीत ने विभाजनकारी सोच रखने वालों को आईना दिखाया है। जड़ौदा जट्ट क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने ₹2131 करोड़ की 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इनमें 500 करोड़ की 184 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1631 करोड़ की 141 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा।

### फतवों पर ली चुटकी, देवबंद में 2131 करोड़ की सौगातें

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि असम में तीसरी बार, पुडुचेरी में दूसरी बार और बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाकर उन सभी राजनीतिक विश्लेषकों को आईना दिखाया जो विभाजनकारी सोच रखते हैं। सीएम ने यह विचार गुरुवार को देवबंद तहसील के गांव जड़ौदा जट्ट में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो जनप्रतिनिधि और सरकार जनभावनाओं का सम्मान करेगी, वह रीपीट करेगी। यदि ऐसा नहीं करेगी तो जनता जवाब देगी। यह चुनाव परिणाम उनके लिए आइना है। यह बताता है कि समाज विभाजित नहीं होगा। बल्कि विभाजनकारी ताकतों का नाश करके अपना अखंड शंखनाद करेगा।

### अब उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं

सीएम ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं है। अब उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन है।



याद कीजिए पहले जब आप जाते थे अपनी पहचान छिपानी पड़ती थी। अब आप गर्व से कहते हैं कि यूपी से सहारनपुर से बताते हैं। पहले जो यूपी का नाम सुनकर नाक-मुंह सिकोड़ते थे अब वह अपनेपन से चमक उठता है। यह पहचान बनाए रखने की जरूरत है। हमने बिना रुके, बिना झुके, बिना डिगे प्रत्येक तबके को विकास और योजनाओं को लाभ दिया। वंचितों को पिछड़ों को वरीयता मिली है। उसका परिणाम सामने है। उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है।

### फतवे की कुसंस्कृति से सहारनपुर मुक्त

उन्होंने कहा कि सहारनपुर में मां शाकंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय है, जिसका जल्द भव्य उद्घाटन होगा। एयरपोर्ट अंतिम चरण में है। बेहट में स्पोर्ट्स कालेज, दूषित जल से मुक्ति और मां शाकंभरी के दर्शन के लिए एलिवेटेड हाईवे बन रहा है। मां शाकंभरी कारिडोर में बेहतरीन काम हो रहा है। फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर खुद को गति-प्रगति देकर भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। पूरा उत्तर प्रदेश एक साथ विकास की गति से आगे बढ़ रहा है। विकास में बाधक तत्व जाति के नाम पर बांटने का काम करेंगे। तुष्टिकरण की राजनीति करेंगे। फतवे की संस्कृति का विश्वास करने वाले, गुंडों को आश्रय देने वाले जाति के नाम पर बंटने का काम करेंगे, लेकिन बंटना नही है। ऐसे लोग समाज में अलगाव पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जाता है। माफिया को संरक्षण देकर युवाओं के सामने पहचान का संकट पैदा किया जाता है।

### डबल इंजन की सरकार ने बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2013-14 में मुजफ्फरनगर-शामली में दंगे हो रहे थे। 2016 में इसी सहारनपुर में दंगे हुए थे। कैराना में पलायन हो रहा था। पश्चिम उत्तर प्रदेश जल रहा था। 2017 में प्रदेश में सरकार बनी डबल इंजन की सरकार। इसके बाद तस्वीर बदली। सहारनपुर की काष्ठ कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली है। गत 14 अप्रैल को देहरादून-सहारनपुर-शामली-बागपत के एक्सप्रेसवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। अब दो घंटे में दूरी तय हो जाती है। दिल्ली-देहरादून के बीच सहारनपुर में इंडस्ट्रीयल लाजिस्टिक सेंटर बनाने जा रहे हैं।

---

### भागलपुर में कई एजेंसियों का स्टॉक खत्म

# विक्रमशिला सेतु के बंद होने से रसोई गैस संकट गहराया




**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भागलपुर की जीवनरेखा माने जाने वाले विक्रमशिला सेतु के बंद होते ही अब असर सीधे आम लोगों की रसोई तक पहुंच गया है। शहर में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। पहले से अंतरराष्ट्रीय तनाव और युद्धजनित परिस्थितियों के कारण गैस की मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही थी, ऊपर से विक्रमशिला सेतु के ध्वस्त होने जैसी स्थिति ने वितरण तंत्र की कमर तोड़ दी है। हालत यह है कि कई एजेंसियों में सिलिंडर का स्टॉक समाप्त होने लगा और उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### सेतु बंदी ने तोड़ी सप्लाई की रीढ़

दरअसल, भागलपुर शहर में एचपीसीएल की गैस आपूर्ति का मुख्य आधार पूर्णिया बाटलिंग प्लांट रहा है। यहां से गैस लदे ट्रक सीधे विक्रमशिला सेतु होकर शहर के वितरकों तक पहुंचते थे। लेकिन सेतु बंद होने के बाद अब पूरी परिवहन व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। मुंगेर मार्ग से होकर गैस सिलिंडर की गाड़ियां मंगाई जा रही हैं, लेकिन लंबी दूरी, भारी वाहनों का दबाव और जगह-जगह लग रहे जाम के कारण आपूर्ति समय पर नहीं पहुंच पा रही। कई ट्रक घंटों सड़क पर रेंगते रहते हैं। इसका सीधा असर शहर के उपभोक्ताओं पर पड़ा है।

### उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी नहीं

शहर की प्रमुख एजेसियों में कई दिन तक सिलिंडर का संकट बना रहा। उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी नहीं हो पाई। बुकिंग के बाद लंबा इंतजार करना पड़ा।

---

### हवा में हिचकोले खाने लगी इंडिगो...

# घबराए यात्रियों को मंत्री रूडी ने संभाला, हम सुरक्षित उतर गए

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



दिल्ली से पटना आ रही इंडिगो एयरलाइन्स का विमान बुधवार रात को खराब मौसम की वजह से हवा में हिचकोले खाने लगा। उसकी पटना एयरपोर्ट पर लैंडिंग नहीं हो पाई। इसके बाद फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। खराब मौसम से टर्बुलेंस होने लगा। इससे यात्री घबरा गए।

हालांकि, इस विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग करा दी गई। इंडिगो के इस विमान में भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी पायलट थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरने के बाद रूडी ने यात्रियों को फ्लाइट में संबोधित किया, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रूडी कहते हैं, अब आप ताली बजा सकते हैं, हम सुरक्षित उतर गए हैं। थोड़ा इंतजार करेंगे। मौसम ठीक होता है तो वापस रवाना होंगे। रूडी ने यात्रियों को भरोसा दिलाया कि सभी यात्री सुरक्षित हाथों में है।

---

### अखिलेश ने की ममता से मुलाकात

# शॉल ओढ़ाया व बोले आप हारीं नहीं, लड़ाई काबिले तारीफ रही

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों के बाद अखिलेश यादव बंगाल पहुंचे हैं। वहां उन्होंने टीएमसी सुप्रीमो ममता ऐनर्जी से मुलाकात की। बंगाल में 15 साल पुराने टीएमसी शासन के खात्मे और भाजपा की प्रचंड जीत के बाद यह पहली मुलाकात है। इस दौरान अखिलेश ने कहा कि भाजपा को दीदी हमेशा से खटकती रही हैं।

अखिलेश का मानना है कि भले ही इस बार आंकड़े पक्ष में न रहे हों, लेकिन ममता ने एक योद्धा की तरह मुकाबला किया है। ममता खुद अखिलेश को रिसीव करने के लिए गेट तक आईं, जबकि उनके भतीजे अभिषेक बेनर्जी ने अखिलेश को



सीएम ममता को शाल ओढ़ाते अखिलेश

गले लगाकर उनका स्वागत किया। अखिलेश ने ममता को शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया और कहा, दीदी, आप हारी नहीं हैं। अखिलेश ने ममता और अभिषेक के हौसले की तारीफ करते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से चुनाव लड़ा, वह वाकई काबिले तारीफ है।

---

### सोहराबुद्दीन के भाइयों को हाईकोर्ट से लगा झटका

सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले पर मुहर

# कथित फर्जी मुठभेड़ केस में 22 को बरी करने का फैसला बरकरार

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई की विशेष अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें 2005 के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में 22 आरोपियों की बरी किया गया था। यह मामला गैंगस्टर सोहराबुद्दीन शेख, उनकी पत्नी कौसर बी और उनके सहयोगी तुलसीराम प्रजापति से जुड़ा है। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड की पीठ ने सोहराबुद्दीन के भाइयों रुबाबुद्दीन और नयाबुद्दीन की ओर से दायर अपीलों को खारिज कर दिया। इन अपीलों में 2018 के विशेष अदालत के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया था। सीबीआई ने पिछले साल बताया था कि वह बरी करने के फैसले को अपील नहीं करेगी।



### फर्जी मुठभेड़ों में मारने की बात थी

बरी किए गए 22 आरोपियों में से 21 गुजरात और राजस्थान पुलिस के निचले स्तर के अधिकारी थे। आरोप था कि उन्होंने अगवा कर कथित फर्जी मुठभेड़ों में तीनों को मार दिया था। एक अन्य आरोपी गुजरात के एक फार्म हाउस का मालिक था, जहां सोहराबुद्दीन और कौसर को कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से रखा गया था। विशेष अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि कोई साजिश रची गई थी या आरोपियों की इसमें कोई भूमिका थी।

---

### नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा पर अहम जानकारी दी

# समावेशी सुविधाओं में विस्तार और डिजिटल शिक्षा बढ़ी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

नीति आयोग ने भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर अहम नीति रिपोर्ट जारी की है। 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया: टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी एन्हांसमेंट' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने बुधवार को जारी किया।

यह रिपोर्ट पिछले एक दशक में भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में हुए बदलावों और सुधारों का विस्तृत विश्लेषण है। इसमें शिक्षा तक पहुंच, नामांकन, बुनियादी ढांचा, समानता, समावेशन और सीखने के स्तर जैसे प्रमुख पहलुओं का अध्ययन किया गया है।

### बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक क्षमता में सुधार हुआ




आयोग ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020, निपुण भरत मिशन और समग्र शिक्षा अभियान जैसी पहलों के कारण महामारी के बाद बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक क्षमता में सुधार देखने को मिला है। गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभी और प्रयासों की जरूरत बताई गई है। 11 प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है और समाधान को 13 व्यापक सिफारिशें दी गई हैं। इनमें स्कूल संरचना में सुधार, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, प्रशासनिक सुधार, शिक्षकों की बेहतर तैनाती और प्रशिक्षण, डिजिटल शिक्षा का विस्तार, समावेशन को महत्व दिया है।

### लड़कियों की शिक्षा में बेहतर भागीदारी दिखाई दी

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्थाओं में से एक है, जिसमें 14.71 लाख स्कूल और 24.69 करोड़ से अधिक छात्र शामिल हैं। पिछले वर्षों में स्कूलों में बिजली, शौचालय और समावेशी सुविधाओं के विस्तार में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके साथ ही डिजिटल शिक्षा को भी मजबूती मिली है और स्कूलों में कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा स्मार्ट क्लासरूम की पहुंच बढ़ी है।

### बाल शिक्षा तथा एआई के उपयोग पर जोर दिया

शैक्षणिक स्तर पर रिपोर्ट में शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव, छात्रों के समग्र विकास, व्यावसायिक शिक्षा, प्रारंभिक बाल शिक्षा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में इन सिफारिशों को लागू करने के लिए 33 कार्यान्वयन मार्ग भी बताए गए हैं, जिन्हें अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक योजनाओं में विभाजित किया गया है। साथ ही 125 से अधिक प्रदर्शन संकेतक तय किए गए हैं। रिपोर्ट में केंद्र, राज्यों और जिलों स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में अपनाई गई अच्छी पहलों के उदाहरण भी शामिल हैं।

---

### चंडीगढ़ घटना के बाद डीजीसीए सख्त

# पावर बैंक केवल 'हैंड बैगेज' में रखें अब 'चेक-इन लगेज' में रखना वर्जित

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

चंडीगढ़ में इंडिगो फ्लाइट में हुई एक हालिया घटना ने हवाई सफर के दौरान सुरक्षा नियमों पर फिर से हमारा ध्यान खींचा है। लैंडिंग के बाद एयरक्राफ्ट के केबिन में एक पावर बैंक में आग लगने की घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। केबिन में धुआं दिखने के बाद इमरजेंसी प्रोटोकॉल के तहत यात्रियों को बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद विमानन नियामक संस्था डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, खासकर पावर बैंक को लेकर अपनी सेफ्टी गाइडलाइंस सख्त कर दी हैं।यात्री अपना पावर




डीजीसीए नई दिल्ली

बैंक केवल 'हैंड बैगेज' यानी केबिन बैग में ही साथ रख सकते हैं। इसे 'चेक-इन लगेज' में रखना सख्त वर्जित है। इसका मुख्य कारण यह है कि फ्लाइट के कार्गो होल्ड में रखी गई बैटरी अगर गर्म होती है या उसमें आग लगती है तो उसका समय रहते पता लगाना लगभग नामुमकिन होता है। अन्यथा यह खतरनाक हो सकता है।

# मलिहाबाद के आम का दुनिया में बजेगा डंका, शिवराज सिंह चौहान

## समुद्री रास्ते से विदेश पहुंचेगा यूपी का आम, बढ़ेगी बागवानों की कमाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को फ्रूट होराइजन-2026 कार्यक्रम में किसानों, बागवानों, पौधशाला संचालकों और प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद करते हुए भारत को फल निर्यात में वैश्विक ताकत बनाने का रोडमैप पेश किया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के रहमानखेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने फलों की गुणवत्ता, निर्यात, वैल्यू एडिशन, रोगमुक्त पौध, शून्य रिजेक्शन नीति और किसान उत्पादक संगठनों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।



किसानों को संबोधित करते शिवराज सिंह चौहान

### भारत के फलों की दुनिया में बढ़ेगी मांग

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में फलों का उत्पादन तो बड़े पैमाने पर होता है, लेकिन निर्यात अभी अपेक्षाकृत कम है। इसे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार विशेष टास्क फोर्स गठित करेगी, जो पौध तैयार होने से लेकर फल के निर्यात तक पूरी श्रृंखला पर काम करेगी। उन्होंने घोषणा की कि देशभर में क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिनमें उत्तर प्रदेश को भी बड़ी सौगात मिलेगी। इसके साथ ही यूपी में एक विशेष निर्यात क्लस्टर भी विकसित किया जाएगा, जिससे प्रदेश के बागवानों को सीधा लाभ मिलेगा।

### मलिहाबाद के आम के दीवाने हैं रूस के लोग

शिवराज सिंह चौहान ने मलिहाबाद की पहचान को रेखांकित करते हुए कहा कि मलिहाबाद आम की ऐतिहासिक पट्टी है और रूस समेत कई देशों में यहां के आम की जबरदस्त मांग है। उन्होंने कहा कि इस पहचान को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जलवायु फलों की खेती के लिए बेहद उपयुक्त है और यहां बागवानी के क्षेत्र में नए प्रयोगों की अपार संभावनाएं हैं।

### रोगमुक्त पौध और बढ़ेगी एक्सपोर्ट क्षमता

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब नर्सरी व्यवस्था को आधुनिक बनाने का समय आ गया है। सरकार क्लीन प्लांट सेंटर खोलकर किसानों को रोगमुक्त पौधे उपलब्ध कराएगी और इसमें निजी क्षेत्र को भी सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम और केले के निर्यात में पांच प्रतिशत तथा अंगूर के निर्यात में 15 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। फलों की सेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ टीम बनाई गई है और आम की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में सफलता भी मिली है।

### समुद्री मार्ग से सस्ता होगा निर्यात

उन्होंने कहा कि फलों के निर्यात की लागत कम करने के लिए समुद्री मार्ग सबसे सस्ता विकल्प है, लेकिन इसके लिए फलों की सेल्फ लाइफ बढ़ाना जरूरी होगा। इसी दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

### अर्जेंटीना, कोरिया और अफ्रीका से बढ़ी मांग

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत द्वारा हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों के बाद कई देशों में भारतीय फलों के लिए नए बाजार खुले हैं। अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका और कोरिया जैसे देशों में भारतीय आम की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसके अलावा अंगूर, अनार और केले की भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग है। उन्होंने कहा कि निर्यात बढ़ाने के लिए देशभर में आठ निर्यात क्लस्टर बनाए जा रहे हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश को भी प्रमुख स्थान दिया जाएगा।

### प्रोनिंग मशीन पर सब्सिडी की मांग

कार्यक्रम में प्रदेश के उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रोनिंग मशीन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की मांग उठाई। इस पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आवश्यक व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्री ने चौपाल लगाकर किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

# मनबढ़ दबंग दिखा रहे हैं दूसरे के गेट के सामने कब्जा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना अंतर्गत चौकी हरौनी क्षेत्र के नारायणपुर गांव में दबंगई और कब्जे का मामला सामने आया है। गांव के कुछ लोगों द्वारा पीड़ित के घर के गेट के सामने गोबर का ढेर लगाया गया है। मना करने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़ित एवं अमन लेखनी समाचार के संवाददाता शुभम सिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों द्वारा उनके घर के सामने किसी भी प्रकार का कार्य नहीं होने दिया जाता। बीते दिन सरकारी पानी की पाइपलाइन डालने पहुंचे कर्मचारियों को भी आरोपियों ने धमकाकर वहां से भगा दिया और कहा कि यह जमीन हमारी है, यहां कोई काम नहीं होगा। पीड़ित का कहना है कि जिस स्थान को लेकर विवाद किया जा रहा है वह आबादी की जमीन है। आरोपियों के घर का रास्ता और गेट पहले से ही ग्राम समाज की भूमि पर बना हुआ है, इसके बावजूद वह जबरन दूसरे लोगों को परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि दबंग लोग नशे की हालत में घर के बाहर आकर अभद्र भाषा और गालियां देते हैं, जिसे घर में मौजूद महिलाओं को सुनना पड़ता है। पीड़ित ने बताया कि दिन में वह और उनके पिता घर पर नहीं रहते, जिसका फायदा उठाकर आरोपी उनकी मां और पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन और पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही घर के गेट के सामने लगाए गए गोबर के ढेर को हटवाने की मांग की है, जिससे घर के सामने फैली गंदगी समाप्त हो सके और परिवार को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# बैंकॉक से आए यात्री के पास से करोड़ों का गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से करीब 2.859 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद किया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2.86 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक खुफिया सूचना के आधार पर एआईयू टीम ने बैंकॉक से रात 10:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर एशिया की फ्लाइट संख्या ऋऊ-146 से बुधवार रात लखनऊ पहुंचे एक यात्री को सुरक्षा जांच के दौरान ग्रीन चैनल पर रोका। जहाँ संदेह होने पर अधिकारियों ने उक्त यात्री के चेक-इन बैगेज की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान उसके बैग से 12 पारदर्शी वैक्यूम-पैक पाउच बरामद हुए। इन वेक्यूम पैक पाउचों में हरे रंग के फूल और फलनुमा पदार्थ भरे थे। अधिकारियों के मुताबिक शुरूआती जांच में इसे गांजा/मारिजुआना यानी हाइड्रोपोनिक वीड पाया गया। फिलहाल अधिकारियों ने बरामद प्रतिबंधित मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया। जबकि पूछताछ के बाद आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एआईयू अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि तस्करी का नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा हुआ है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वीर जवानों को दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर देश के समस्त वीर जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति को कोटि-कोटि नमन किया है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि पिछले वर्ष आज ही के दिन मां भारती के वीर सपूतों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही करते हुए सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पूरी दुनिया को भारत की शक्ति, साहस और अटूट संकल्प का परिचय कराया था। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम, वीरता तथा मातृभूमि के प्रति सर्वोच्च समर्पण का गौरवपूर्ण प्रतीक है। देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए हमारे जवानों का त्याग एवं समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में आज नया भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। भारत अब हर आतंकी साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है तथा राष्ट्र की सुरक्षा, संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा हेतु हर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश की सेना का पराक्रम और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव देशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय रहेगा।

# दीवार विवाद में खूनी संघर्षः दस आरोपी गिरफ्तार

## अटेर गांव में दो पक्षों के बीच हुई थी जमकर मारपीट, 12 लोग हुए थे घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अटेर गांव में दीवार हटाने को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के दस आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क है और फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि दीवार हटाने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले थे, जिसमें दोनों पक्षों के कुल 12 लोग घायल हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से 19 नामजद समेत कुल 27 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अटेर गांव निवासी जगदीश, भीमसेन, छेदीलाल, मनोज, टिक्कन, सोनू, छोटक्के, विमल, संजीत और जितेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# जनगणना-2027 अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ** । गुरुवार को छावनी परिषद लखनऊ के मुख्य अधिशासी अधिकारी/ चार्ज अधिकारी छावनी लखनऊ अभिषेक राठौर के निर्देशन में जनगणना - 2027 कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन माध्यमिक विद्यालय, आर.ए. बाजार, तोपखाना छावनी में संपन्न कराया गया। लखनऊ छावनी क्षेत्र हेतु नामित नोडल अधिकारियों मंशू बुधराजा, श्रीमती मंजू वर्मा तथा उमंग प्रसाद सहायक चार्ज अधिकारी की जनगणना 2027 हेतु गठित टीम द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत छावनी परिषद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों, जैसे विद्यालय, चिकित्सालय, कार्यालय, स्टोर, सफाई एवं जलापूर्ति आदि के लगभग 435 कर्मचारियों का स्वगणना कराया गया। इसके अतिरिक्त छावनी क्षेत्र स्थित विभिन्न प्रमुख कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सैन्य अधिकारियों का स्वगणना कराया गया। जिसमें प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा कार्यालय, प्रधान लेखा नियंत्रक कार्यालय, ए.एम.सी. सेंटर, मुख्यालय मध्य यू.पी. सब एरिया, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड तथा 11 जी.आर.आर.सी. के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों एवं सैन्य अधिकारियों की स्वगणना करायी गयी, जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह, जी.ओ.सी. सब एरिया मनीष कुकरेती, डिप्टी जी.ओ.सी. सौमीत पटनायक, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड एवं 11 जी.आर.आर.सी. के सैन्य अधिकारी, ए.एम.सी. सेंटर के ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, निदेशक रक्षा सम्पदा मध्य कमान के पुष्पेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक हरेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक महेश चंद्र सैनी, संयुक्त निदेशक मोहम्मद समीर इस्लाम, रक्षा संपदा अधिकारी प्रोमिला जायसवाल, उप रक्षा लेखा नियंत्रक अभिषेक बी.एन., सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक करन सिंह, मुख्यालय मध्य यू.पी. सब एरिया के कर्नल दीपक जोशी, कर्नल सेठ तथा ए.एम.सी. सेंटर के लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज कुमार प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी छावनी लखनऊ अभिषेक राठौर द्वारा बताया गया कि दिनांक 08.05.2026 से 21.05.2026 तक स्वगणना शिविर का आयोजन माध्यमिक विद्यालय आर०ए०बाजार, मंगला देवी जूनियर हाईस्कूल, जूनियर हाईस्कूल बीसी बाजार, रेनबो मॉडल स्कूल उसमान रोड तथा कैन्टोनमेंट जनरल हॉस्पिटल किया जायेगा।

# एकेटीयू का आविर्भाव दिवस आज

**लखनऊ**। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का आविर्भाव दिवस आठ मई को परिसर में मनाया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शुरूआत पौधरोपण से होगी। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता, तकनीकी क्विज, निबंध, भाषण भी होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नाटक, गायन,, नृत्य प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा।

# एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**लखनऊ**। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सात मई से शुरू हो गयी। पहले दिन परीक्षा की दोनों पालियों में करीब 96 हजार ने परीक्षा दी। पहले दिन 131 केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गयी। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए सभी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी के जरिये विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से निगरानी की गयी। साथ ही केंद्रों पर तैनात पर्यवेक्षेक भी तैनात किये गये हैं। इस बार परीक्षा में करीब 3.30 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया।

# बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया

## सपा प्रमुख एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पश्चिम बंगाल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने बंगाल में लोकतंत्र को तहस-नहस कर दिया है। भाजपा ने लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया है। ममता दीदी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है इसीलिए वे भाजपा की आखों में खटकती है। भाजपा सामंती सोच की पार्टी हैं, इनके संघी-साथी पुरूषवादी लोग हैं। ये कभी नारी को बढ़ते हुए नहीं देख सकते। भाजपा महिला विरोधी है। भाजपा में महिलाओं का सम्मान नहीं है। राजस्थान में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री को महिला होने के कारण मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। दिल्ली में आधी-अधूरी मुख्यमंत्री बनाया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना हमारा धर्म है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं। चुनाव आयोग निष्पक्ष नही है। बंगाल के चुनाव में जो कुछ हुआ वह सच छिपा नहीं हैं। बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सभी लोग साथ आयें। इस लड़ाई में हम ममता दीदी के साथ हैं।

पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर गुरूवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जो-जो किया है, उसका ट्रायल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में किया था। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में पुलिस द्वारा रिवाल्वर से महिला मतदाताओं को धमकाने वाली तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि भाजपा वोटरों को डराती और धमकाती हैं, उपचुनाव में भाजपा ने पुलिस के जरिए चिह्नित कर सपा समर्थकों को वोट डालने से रोका था। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में नफरत भरी और जहर घुली राजनीति कर रही है। भाजपा नेताओं के भाषण और बयान नफरत से भरे हुए है। चुनाव में मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया की तरह काम हुआ है। इसमें सभी संस्थाएं शामिल रही।

संस्थाओं का काम निष्पक्ष चुनाव कराना था, लेकिन उन्होंने अपनी साख खो दी है।



पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ऐसा ही काम करती है, जिससे अराजकता फैले। भाजपा सरकार ने तो भरोसा दिलाया था कि कई कम्पनियां पुलिस बल रहेगी और सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। आखिरकार कम्पनियां कहां है? क्या उन्हें 15 दिन की छुट्टी दे दी गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव के समय लोगों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह मंत्री की हैं। बंगाल में तीन लाख से ज्यादा केंद्रीय सुरक्षा बल भेजे गये थे। राज्य प्रशासन के बराबर में केंद्रीय बलों का पैरलल स्ट्रक्चर खड़ा किया गया था, उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग भी थे। बंगाल में केंद्रीय फोर्स यूपी और बिहार से आयी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर काम कर रहा है।

# लखनऊ में आकार ले रहा बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र

## पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा होगी उपलब्ध, जुलाई तक होगा पूरा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। राजधानी लखनऊ में सामाजिक न्याय, संविधान और बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र बनने जा रहा है। ऐशबाग क्षेत्र में निमार्णाधीन भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसका निर्माण जुलाई 2026 में पूरा हो जाएगा। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. आंबेडकर की पत्नी सविता आंबेडकर के सपनों को पूरा किया है।

ऐशबाग क्षेत्र में ईदगाह के सामने लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बन रहा है। स्मारक के लिए इसकी शुरूआती अनुमानित लागत 45.04 करोड़ थी, लेकिन ऑडिटोरियम, फिनिशिंग और बाहरी विकास सहित अतिरिक्त कार्यों के चलते वर्तमान लागत 81 करोड़ रुपये से 100 करोड़ रुपये के लगभग पहुंच गई है। इसके निर्माण के लिए दो चरणों में भूमि आवंटन होने के साथ ही दो चरणों में बजट भी जारी हुआ है। स्मारक का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन 500 सीटों वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इस परियोजना का शिलान्यास 29 जून 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया था। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि इस स्मारक की पृष्ठभूमि में आंबेडकर महासभा में रखी डॉ. आंबेडकर का अस्थि अवशेष है, जिसकी स्थापना वर्ष 1991 में बाबा साहेब आंबेडकर की पत्नी माई साहेब डॉ. सविता आंबेडकर ने की थी। उस समय उन्होंने भावुक होकर इच्छा जताई थी कि बाबा साहेब के अस्थि अवशेषों पर एक भव्य स्मारक बनाया जाए। जिसमें पुस्तकालय और संग्रहालय अवश्य हो। डॉ. निर्मल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल इस परियोजना को मंजूरी दी, बल्कि इसके निर्माण को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माई साहेब सविता आंबेडकर के सपनों को साकार कर दिया है।

### 100 करोड़ से तैयार हो रहा डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र

स्मारक परिसर में 25 फीट ऊंची डॉ. आंबेडकर की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा तीन मंजिला प्रशासनिक भवन, आधुनिक संग्रहालय और फोटो गैलरी होगी, जो डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण को प्रदर्शित करेगा। विशाल पुस्तकालय और शोध केंद्र भी बनाया जा रहा है।

विशेष बात यह है कि यहां डॉ. आंबेडकर शोध केंद्र की स्थापना की जा रही है, जहां आंबेडकर विश्वविद्यालय के सहयोग से पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा उपलब्ध होगी। शोधार्थियों के लिए हॉस्टल और भोजन व्यवस्था भी परिसर में ही होगी।

**डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश को स्थापित किया जाएगा** : यहां ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति, वर्चुअल रियलिटी शो और डिजिटल माध्यमों से बाबा साहेब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की योजना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आंबेडकर महासभा में सुरक्षित रखे गए डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश को यहां पूरे सम्मान के साथ स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही विपश्यना ध्यान केंद्र भी बनाया जा रहा है, जिससे यह परिसर सामाजिक चेतना और आध्यात्मिक शांति का केंद्र बन सके। परिसर में बेसमेंट, सबस्टेशन, पंप रूम, आंतरिक सड़कें, ड्रेनेज, लैंडस्केपिंग, बाउंड्री वॉल और आकर्षक प्रवेश द्वार भी विकसित किया जा रहा है। डॉ. लालजी निर्मल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनवाने के लिए किए गए अपने संघर्ष के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ स्थित आंबेडकर महासभा में बाबा साहेब के अस्थि कलश के दर्शन के लिए आने वाले थे। इससे दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके (डॉ. निर्मल) साथ मुख्यमंत्री आवास पर स्मारक निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि सीजी सिटी लखनऊ में देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। डॉ. निर्मल ने बताया कि जमीन आवंटन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आवास विकास विभाग को प्रस्ताव भी प्रेषित कर दिया था।

# शाहनवाज खान संगठन कार्यालय प्रभारी मनोनीत

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी पूर्व विधायक ने शाहनवाज खान को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का संगठन कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया है। सोहिल अख्तर अंसारी ने अपेक्षा की है कि शाहनवाज खान संगठन को मजबूत करने व अल्पसंख्यक समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोड़कर और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के हाथों को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# दो अलग-अलग यात्रियों के पास से कारतूस मिले

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर गुरुवार को मुंबई और अहमदाबाद जा रहे दो अलग-अलग यात्रियों के पास 32 बोर के एक-एक कारतूस मिलने से हड़कम्प मच गया। बाद में सीआईएसएफ ने दोनों को हिरासत में लेकर सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। हालाकि बाद में दोनों ने अपना शस्त्र लाइसेंस दिखाया, जिसके बाद पुलिस ने कारतूस जब्त कर यात्रियों को छोड़ दिया। फिलहाल इस कार्रवाई से दोनों यात्रियों के विमान छूट गए। पुलिस के मुताबिक कानपुर निवासी गजेंद्र सिंह चौहान लखनऊ से सुबह 7:55 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1027) से मुंबई जा रहे थे। जबकि लखनऊ के मानवेंद्र प्रताप सिंह सुबह 9:05 बजे लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 142) से अहमदाबाद जा रहे थे। तभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान मानवेंद्र के लगेज बैग से .32 बोर का एक कारतूस, जबकि गजेंद्र के हैंडबैग से भी .32 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

उत्तर रेलवे
निविदा रद्द करने की सूचना
प्रशासनिक कारणों से "डिजाइन डेवलपमेंट सप्लाई इंस्टालेशन कमीशनिंग एंड टेस्टिंग ऑफ टॉर्क एप्लीकेशन एंड डाटा एक्वीजीशन सिस्टम फॉर कैप्चरिंग टोरकिंग डाटा ऑफ वेरियस सिस्टम्स ऑफ एल.एच.बी. कोचेस दूरिंग शॉप शेडूल (एस-I एस-II एस-III)" निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-13 दिनाँक: 20.03.2026 रद्द की जाती है।
सूचना सं. 2026- ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-13 दिनाँक: 05.05.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1515/2026

# संक्षेप

## नहर में पानी आने से अस्थाई मार्ग बहा आवागमन हुआ बाधित

पुरवा, उन्नाव। शारदा नहर में पानी आने से बना अस्थाई मार्ग पानी में बह गया पुरवा - मौरावां मार्ग से बाबा बिल्लेश्वर धाम होते हुए शीतलगंज तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बन रहे लगभग दो किमी सात मीटर चौड़े मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है।उक्त मार्ग पर स्थित पुरवा रजबहा पर पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है।लेकिन ठेकेदार को लापरवाही के चलते पुलिया पर बनाया गया अस्थाई मार्ग रजबहे में पानी आने से क्षतिग्रस्त हो गया है।जिससे बाबा बिल्लेश्वर धाम के दर्शनों को जाने वाले हजारों भक्तों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।भक्त तीन किमी का चक्कर लगाकर दूसरे रास्ते से मंदिर पहुंचकर दर्शन कर रहे है।लोगो ने बताया कि विभाग द्वारा मार्ग के दिनों ओर बांस लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है।

## मासूम बच्ची पर मवेशी ने बोला हमला हालत गंभीर

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में ननिहाल आई पांच साल की मासूम बच्ची पर मवेशी ने अचानक हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया माखी थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव निवासी बबलू की पांच वर्षीय पुत्री मानवी अपनी मां रेशमी के साथ मंगलवार अपने मायके आसीवन थाना क्षेत्र के कूरेमऊ गांव आई थी जहां बुधवार की शाम अन्य बच्चों के साथ अपने नाना संतोष के बाग गई थी जहां पर मवेशी घास चर रहे थे तभी अचानक मवेशी के बच्चे ने अचानक मानवी पर हमला कर दिया जिससे मानवी गंभीर रूप से घायल हो गयी सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्ची को इलाज के लिए मियागंज अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## छत से नीचे गिरा किसान मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में गुरुवार तड़के एक किसान की छत से गिरकर मौत हो गई। यह घटना तेज आंधी-तूफान के दौरान हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान सादुल्लापुर निवासी 55 वर्षीय हेम राज के रूप में हुई है, जो खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। गुरुवार सुबह करीब चार बजे क्षेत्र में तेज आंधी और तूफान शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि तेज हवा के कारण घर की छत पर रखा कुछ सामान उड़ने लगा था। हेम राज भोर पहर करीब तीन बजे सामान सुरक्षित करने के लिए छत पर गए थे। परिजनों के अनुसार, तूफान की तीव्रता अधिक होने के कारण छत पर उनका संतुलन बिगड़ गया। पैर फिसलने से वह सीधे आंगन में जा गिरे। गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य बाहर आए और हेम राज को गंभीर हालत में पाया। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि हेम राज एक मेहनती और मिलनसार व्यक्ति थे, जो वर्षों से खेती कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। वह अपने पीछे पांच बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि तेज आंधी और बारिश के कारण इलाके में कई अन्य स्थानों पर भी नुकसान हुआ है।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में चौपाल का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार दोपहर उत्तरप्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा अपर्णा यादव की अध्यक्षता में बिछिया ब्लॉक सभागार में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका , कार्यकर्ता,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की मौजूदगी में किया गया। चौपाल में पहुँची अपर्णा यादव ने महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़िता महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा आवेदक/आवेदिकाओ को सुगमता की से समुचित न्याय दिलाने जाने को लेकर जागरूक किया। साथ ही राज्य महिला आयोग का टोल फ्री नम्बर 18001805220 व व्हाट्सएप शिकायत नम्बर 6306511708 पर जानकारी देने व हर समय उनकी सुरक्षा व मदद पर सजग रहने हेतु जानकारी दी। व मौजूद सभी महिलाओं को नम्बर नोट कराए। चौपाल में ही एक बीसी सखी रजोली ने 6 महीने से मानदेय न मिलने की शिकायत की। जिस पर रजोली को उपाध्यक्षा द्वारा लिखित शिकायत पत्र देने की बात कही गयी। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के विषय पर चर्चा की। महिलाओं को सरकार द्वारा 33 प्रतिशत आरक्षण के बारे में जानकारी की महिलाओं को समुचित जानकारी न होने पर विस्तार रूप से बताया कहा कि विधेयक पास होने पर पंचायत से लेकर सरवोच्च स्तर तक भागीदारी होने के बात कही। 64 हजार हुई पुलिस भर्ती में 33 हजार से अधिक महिलाओं की नियुक्ति होने की बात कही। महिलाओं को प्रधानमंत्री का राष्ट्र उदबोधन सुनने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर महिलाओं को शुभकामनाएं दी व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पैरामिलिट्री में महिलाओं की ही अधिक भागीदारी होने की बात कही। उसके बाद बिछिया गाँव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उपस्थित बच्चो से दैनिक पढ़ाई के बारे पूछा जिस पर बच्चो ने मछली जल की रानी है,जीवन उसका पानी है कविता सुनाई। जिस पर बच्चो को केला व बिस्किट वितरण किया। मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों से बच्चो को राष्ट्रगान जन गण मन भी सिखाए जाने की बात कही। उसके बाद आंगनबाड़ी सेंटर पर ही 4 महिलाओं को तिलक कर ,माला पहनाकर व फल टोकरी देकर गोदभराई की,साथ ही 4 शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया।इस दौरान डीपीओ क्षमानाथ राय,आईसीडीएस अजय कुमार व बीडीओ फहद खान मौजूद रहे।

# स्वगणना के लिए ग्राम वासियों को बिगुल बजाकर किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। जनगणना 2027 को सफल बनाने और जनता में जागरूकता लाने के लिए कर्मियों द्वारा एक अनोखी पहल की गई जिसमें ग्रामवासियों को स्व गणना से जोड़ने हेतु बिगुल बजा कर सहयोग करने का संदेश दिया गयो

ग्राम खुसुरुपुर में प्रगणक अमित तिवारी के अगुवाई में स्व गणना को सफल बनाने के लिए आमजनों की भागीदारी को बेहद जरूरी बताया गयो

प्रगणक अमित तिवारी ने बताया कि जनगणना के आकड़े प्रदेश की भविष्य की नीतियों, विकास योजनाओं एवं संसाधनो के बेहतर वितरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगेशिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत ढांचे के विस्तार में इन आकड़ों की अहम भूमिका रहेगी

बता दे जनगणना 2027 के तहत सात मई से इक्कीस मई तक https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर आप स्वयं अपने घर बैठे स्व-गणना कर सकते हैं। यह एक डिजिटल प्रक्रिया है, जिसमें मकानों की स्थिति, परिवार का विवरण और सुविधाओं से संबंधित लगभग तैतीस सवालों के जवाब देने होते हैं। फॉर्म भरने के बाद एक ग्यारह अंकीय आई-डी मिलेगी, जिसे प्रगणक को दिखाना होगा।

इस दौरान अमित तिवारी, संतोषी देवी, अर्पित वर्मा,देसराज, सुरेश कुमार, देवेन्द्र त्रिपाठी,प्रकाश, मिहि लाल, फूल चंद्र आदि मौजूद रहे

# एसडीएम को गौरैया घोंसला किया भेंट



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। गौ-गौरैया संरक्षण समिति कानपुर की ओर से चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण जन-जागरूकता अभियान ₹घर आओ गौरैया₹के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने एसडीएम रणवीर सिंह को गौरैया घोसला भेंट किया ।


मनीष पाण्डेय ने बताया गौरैया का प्रजनन समय चल रहा है ।इस गर्मी के मौसम में बेसहारा पशु,पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें जिससे इन बेजुबानों को असमय काल के गाल मे समाने से बचाया जा सके ।

पशु,पक्षी पर्यावरण के संतुलन में सहायक होते है आज लगभग पूरा विश्व पर्यावरण असन्तुलन की जद में है ।

हम इंसानों को इन बुजुबानो की सहायता से पुण्य मिलता है साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी भी होती है ।उपजिलाधिकारी ने भी अपने आवास पर मोर सहित कई पक्षियों के दाना पानी के लिए आने की बात बतायी इस मौके पर बिमल वर्मा स्टेनो,अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गंगा स्नान कर रहे दो युवकों की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र स्थित चंदन घाट पर बुधवार शाम गंगा स्नान के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। उनके शव देर रात बरामद किए गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में शोक छा गया। पुलिस के अनुसार, शाम करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि पांच युवक गंगा नदी में स्नान करने आए थे। इनमें आशीष (पुत्र संजय) और अजीत उर्फ सक्षम (पुत्र संजय) निवासी आटा बंथर, अचलगंज; विमल पुत्र गुड्डू निवासी आटा बंथर, गंगाघाट; जीतू शर्मा उर्फ सचिन पुत्र राकेश निवासी झींझक, मंगलपुर, कानपुर देहात; और विमल पुत्र शिव सिंह निवासी बांगरमऊ शामिल थे। स्नान करते समय जीतू शर्मा (22) और आशीष गुप्ता (20) अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद अन्य युवकों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वे नदी में लापता हो चुके थे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब सात बजे जीतू शर्मा का शव बरामद कर लिया गया। आशीष गुप्ता का शव देर रात करीब दस बजे नदी से बाहर निकाला गया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखते ही उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चंदन घाट पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना और तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि गंगा नदी में स्नान करते समय सावधानी बरतें और गहरे पानी में जाने से बचें, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी के मॉल समेत किया गिरफ्तार।

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में बीती 6 मई को शुक्लागंज निवासी युवक से शातिर चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू चोरी कर ले गए थे अहमदनगर शुक्लागंज निवासी अलीहुसैन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह ठेले से व्यापार करता है जिसमें रखे इलेक्ट्रॉनिक तराजू को दो युवक चोरी कर ले गए थे इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने नेतुवा मोड के पास निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास से विशाल निषाद पुत्र देवीदीन निवासी कटहा दलनारायणपुर थाना गंगाघाट और सौम्य रावत उर्फ मेडी पुत्र सुनील कुमार रावत निवासी सर्वोदय नगर थाना गंगाघाट को गिरफ्तार किया पूछताछ करने पर उनके पास से चोरी किए गए इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया गंगाघाट पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरों को मॉल सहित गिरफ्तार करने पर क्षेत्रवासियों ने गंगाघाट पुलिस की सराहना किया ।इस कार्यवाही में



उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह चौहान,मुख्य आरक्षी सुशील शर्मा ,आरक्षी अम्बरीष कुमार,आरक्षी योगेश प्रजापति,आरक्षी अभिषेक सिंह और आरक्षी साहिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के तारगांव गांव में एक युवक ने अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, तारगांव निवासी 20 वर्षीय अनिल पुत्र मलारे ने बुधवार शाम घर के अंदर बने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में ही मौजूद थे, लेकिन काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ। कई बार आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिससे परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने खिड़की से झांककर देखने का प्रयास किया, लेकिन कुछ स्पष्ट दिखाई नहीं दिया। इसके बाद खिड़की तोड़कर जब परिवार के लोग कमरे के अंदर पहुंचे, तो अनिल का शव फंदे से लटका देख सभी के होश उड़ गए। यह दृश्य देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों ने तुरंत युवक को नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल दही थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। गुरुवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है। परिजनों के अनुसार, अनिल दो भाइयों में छोटा था। उसकी अचानक मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि, युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन भी आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है।

# गेहूं क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। एसडीएम रणवीर सिंह ने तहसील क्षेत्र के गांव महेश खेड़ा व नगर पंचायत भगवान नगर में संचालित गेहूँ क्रय केंद्र का निरीक्षण किया वहीं तलिहई गांव जाकर फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी ली तथा मौजूद लोगों से अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने की अपील की। एस डी एम रणवीर सिंह बुधवार को महेश खेड़ा पहुंचकर गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से बातचीत की क्रय केंद्र प्रभारी से बारदाना के बारे में पूछा। नगर पंचायत भगवंत नगर स्थित क्रय केंद्र पर भी एसडीएम पहुंचे जहां पर भी किसानों से बातचीत कर केंद्र प्रभारी से बात की एसडीएम ने बताया कि दोनों केदो पर बरसात की वजह से गेहूं की खरीद कम चल रही है लेकिन बारदाना मौजूद है। एसडीएम में प्रभारियों से कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए केंद्र पर गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित रहे। तलिहई गांव पहुंचकर लोगों से बातचीत कर अधिक से अधिक फॉर्मर रजिस्ट्री कराये जाने की अपील की।एसडीएम रणवीर सिंह ने कहा कि किसानों को आने वाले समय में बीच खाद फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही मिलेगी जिससे अधिक से अधिक किसान फार्मर रजिस्ट्री कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले।।




# जनपद की टापर प्रयागराज मे सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। जनपद में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में यूपी में आठवां व जनपद में प्रथम स्थान पाने वाली राखी रावत को प्रयागराज के एक मंच पर सम्मानित किया गया है। छात्रा को मिले इस सम्मान पर क्षेत्र के लोगों ने गर्व महसूस किया है। तहसील बीघापुर क्षेत्र के तनगापुर स्थित चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा राखी रावत ने यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद में प्रथम व यूपी में आठवां स्थान हासिल किया था। छात्रा की इस सफलता पर प्रयागराज में एक संस्थान व्दारा आयोजित विजय महोत्सव में उसे मोबाइल फोन, लैपटाप व मेडल देकर सम्मानित किया गया है। इसी विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा खुशी सिंह ने भी जनपद में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसे भी प्रयागराज में सम्मानित किया गया है। छात्राओं को मिले इस सम्मान के प्रति क्षेत्रीय लोगों ने गर्व महसूस किया है।

# अनुशासनहीनता के आरोप में दो शिक्षिका की गई निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज ब्लॉक स्थित सोहरामऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं और अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते बेसिक शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विभा सिंह और सहायक शिक्षिका सुषमा को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई लंबे समय से विवादों में रहे विद्यालय में हुई जांच और बयान दर्ज किए जाने के बाद की गई। जानकारी के अनुसार, निलंबन से ठीक एक दिन पहले विद्यालय के समस्त स्टाफ को बीएसए कार्यालय बुलाया गया था। यहां सभी कर्मचारियों के वीडियो और लिखित बयान दर्ज किए गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका और सहायक शिक्षिका से स्पष्टीकरण भी मांगा गया, लेकिन विभाग को उनका जवाब संतोषजनक नहीं लगा। बीएसए शैलेंद्र पांडे के मुताबिक, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विभा सिंह पर विद्यालय का चार्ज संभालने के बाद से मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) और अन्य आवश्यक सामानों की खरीद से संबंधित बिलों का सही रखरखाव न करने का आरोप है। निरीक्षण के दौरान कई बार ऐसे बिल प्रस्तुत किए गए जो खरीद की तिथि से पहले के पाए गए। विभागीय जांच में बिलों में हेराफेरी और अभिलेखों में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। उन्हें विद्यालय में शैक्षिक वातावरण बनाए रखने में भी असफल माना गया। वहीं, सहायक शिक्षिका सुषमा पर विद्यालय के एक कर्मचारी के खिलाफ अनर्गल और निराधार आरोप लगाने का मामला सामने आया था। इस प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच कराई गई, जिसमें लगाए गए आरोप गलत पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने उनके खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। मामले में एक और घटना तब सामने आई जब पांच मई को बयान दर्ज कराने के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विभा सिंह कार्यालय से बाहर निकलकर किसी व्यक्ति से फोन पर बातचीत करती दिखाई दीं। आरोप है कि उन्होंने फोन पर कहा कि बीईओ नवाबगंज द्वारा प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपये जमा कराने की बात कही गई है और यह जानकारी सहायक शिक्षिका प्रतिमा ने दी है। यह बात बीएसए और बीईओ तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल सहायक शिक्षिका प्रतिमा को बुलाकर पूछताछ की। अभिलेखों में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। उन्हें विद्यालय में शैक्षिक वातावरण बनाए रखने में भी असफल माना गया। वहीं, सहायक शिक्षिका सुषमा पर विद्यालय के एक कर्मचारी के खिलाफ अनर्गल और निराधार आरोप लगाने का मामला सामने आया था। इस प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच कराई गई, जिसमें लगाए गए आरोप गलत पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने उनके खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। मामले में एक और घटना तब सामने आई जब पांच मई को बयान दर्ज कराने के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विभा सिंह कार्यालय से बाहर निकलकर किसी व्यक्ति से फोन पर बातचीत करती दिखाई दीं। आरोप है कि उन्होंने फोन पर कहा कि बीईओ नवाबगंज द्वारा प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपये जमा कराने की बात कही गई है और यह जानकारी सहायक शिक्षिका प्रतिमा ने दी है। यह बात बीएसए और बीईओ तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल सहायक शिक्षिका प्रतिमा को बुलाकर पूछताछ की। पूछताछ में प्रतिमा ने किसी भी प्रकार की धनराशि मांगे जाने की बात से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच आगे बढ़ाई। विद्यालय पहले भी विभिन्न कारणों से चर्चा में रहा है। विभागीय कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बीएसए का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में वित्तीय पारदर्शिता और अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गोरक्षनाथ मंदिर की स्थापना हेतु पांच दिवसीय अग्नि साधना पर बैठे महंत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। जनपद के सिकंदरपुर सरोसी स्थित महादेव मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ जी की मूर्ति स्थापना के लिए मंदिर के महंत शुभम गोस्वामी जी महाराज ने 5 दिवसीय हठ साधना शुरू की है बताते चलें कि जनपद के सिकंदरपुर से स्थित लिंगेश्वर महादेव मंदिर में बीते कई दिनों से गुरु गोरखनाथ मंदिर की स्थापना हेतु पूजन शुरू था जहां लिंगेश्वर महादेव मंदिर एवं श्याम लाल बाबा कुटी के महंत शुभम गोस्वामी जी महाराज ने गुरु गोरखनाथ मंदिर की स्थापना का संकल्प लेते हुए पांच दिवसीय अग्नि साधना शुरू की है इस साधना के तहत अपने चारों तरफ गाय के गोबर से निर्मित उपलो को जलाकर एवं सिर पर भी आग रखकर अग्नि साधना के माध्यम से वह 5 दिन तपस्या करेंगे वहीं इसी वर्ष गुरु गोरखनाथ मंदिर की स्थापना लिंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ही करवाएंगे इस पंच दिवसीय साधना में सर्वप्रथम महंत शुभम गोस्वामी ने परियर स्थित गंगाजी का जल लेकर पैदल मंदिर जाकर घी, दूध, गोमूत्र, शहद एवं गंगाजल से स्नान करने एवं पूजन पाठ के पश्चात साधना शुरू की है प्राप्त जानकारी के अनुसार यह साधना 10 मई को समाप्त होगी । भगवान शंकर के अवतार गुरु गोरखनाथ भी योग साधना, आत्म-अनुशासन और हठ योग के प्रबल समर्थक थे, जिन्होंने समाज को अलख निरंजन का मार्ग दिखाया था। उन्हीं के मार्ग पर चल रहे महंत शुभम गोस्वामी ने भी कई योग साधनाएं की है तथा अब पांच दिवसीय अग्नि साधना पर बैठे हैं।

# इंटर कॉलेज में लगभग 65 लाख का घोटाला जांच टीम गठित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शिक्षा विभाग में वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। पुरवा स्थित एमआरएस इंटर कॉलेज में करीब 65 लाख रुपए के कथित घोटाले का खुलासा होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले में कॉलेज के बाबू और डीआईओएस कार्यालय में तैनात एक लिपिक पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार, घोटाले का खुलासा तब हुआ जब कॉलेज में तैनात सहायक लिपिक राधेश्याम ने उच्चाधिकारियों से वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कॉलेज और विभागीय कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कर्मचारियों के खातों में लाखों रुपए ट्रांसफर किए गए और बाद में रकम कथित तौर पर रिश्तेदारों के खातों के जरिए निकाल ली गई।बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। बताया जा रहा है कि कोषागार से एक खाते में 2 लाख 93 हजार 913 रुपये भेजे गए थे। इसके अलावा अन्य खातों में भी बड़े पैमाने पर संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में कई बैंक खातों के माध्यम से धनराशि के आदान-प्रदान की पुष्टि होने के बाद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। डीआईओएस सुनील दत्त ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति ने जांच शुरू करते हुए कॉलेज के लिपिकों, परिचारकों और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की है। कई कर्मचारियों के बैंक स्टेटमेंट भी जांच के दायरे में लिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान कुछ खातों में बड़ी रकम के आने-जाने की जानकारी मिली है, जिससे गड़बड़ी की आशंका और गहरा गई है। अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और बैंक खातों में हुए लेनदेन का मिलान कराया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# नकारात्मक राजनीति को जनता ने नकारा

पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों से साफ है कि इस बार जनता ने नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। इन चुनावों में रिकॉर्ड मतदान ने साफ कर दिया है कि मतदाता अब केवल नारों, आरोप-प्रत्यारोप और नकारात्मक राजनीति से प्रभावित होने वाला नहीं है, बल्कि वह ठोस काम, स्थिरता व विश्वसनीय नेतृत्व को प्राथमिकता देता है। एसआईआर के बीच हुए इन चुनावों ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब जागरूक है और मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेती है। सबसे पहले अगर पश्चिम बंगाल की बात करें, तो यहां सत्तारूढ़ दल टीएमसी व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार हमलावर रहीं। उन्होंने हर उस काम में अड़ंगा डाला जो जनता के हक में था। चाहे वह चुनाव आयोग हो, एसआईआर का काम हो या अर्धसैनिक बल। ममता ने इन सभी को निशाना बनाया और नकारात्मक राजनीति की। इसका परिणाम यह रहा कि उनकी पार्टी अपने ही गढ़ में मात खा गई। असम और पुडुचेरी में भी भाजपा और उसके सहयोगी दलों की जीत ने सकारात्मक राजनीति की जीत और नकारात्मक राजनीति (या विपक्षी नैरेटिव) की हार का संकेत दिया है। इन दोनों राज्यों में, भाजपा ने 'सुशासन' और 'विकास' का मुद्दा उठाया, जबकि विपक्ष पर नकारात्मक एजेंडा चलाने का आरोप लगा। परिणामों से स्पष्ट है कि जनता ने विकास की राजनीति को चुना। तमिलनाडु में भी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाली सत्ताधारी गठबंधन के लिए एक बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है, जिसे राजनीतिक विश्लेषक नकारात्मक राजनीति या मतदाताओं द्वारा सत्ता विरोधी रुख के रूप में देख रहे हैं। यहां लोगों ने एम स्टालिन को नकार दिया और दक्षिण भारतीय फिल्म सुपरस्टार विजय की नई पार्टी, तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके ) ने चुनाव में सबको चौंकाते हुए जीत दर्ज की है। टीवीके जो पारंपरिक पार्टियों (डीएमके और एआईएडीएमके) के लिए एक नई चुनौती बनकर उभरी है। टीवीके ने गठन के मात्र दो साल में की सत्ता हासिल कर सबको चौकाया है। जनता ने सत्ता में एकाधिकार को तोड़कर एक नए विकल्प को चुना है, जिससे यह संदेश जाता है कि पारंपरिक राजनीति के खिलाफ लोग एकजुट हो रहे हैं। इसके अलावा, केरलम में भी 10 साल के शासन के बाद, जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया, जिससे पिनाराई विजयन की एलडीएफ सरकार को करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने मतदाताओं के असंतोष, नौकरी और महंगाई जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिसे जनता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब चुनाव जीतने वाले दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता से किए गए वादों पर खरा उतरें और जनहित में बिना किसी भेदभाव के काम करें। इस बार देखा जा तो तमिलनाडु में टीवीके को छोड़ दें तो किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दल को सफलता नहीं मिली है। चार राज्यों में राष्ट्रीय दलों पर ही जनता ने भरोसा जताया है। केरल में एलडीएफ की हार के साथ ही भारत में वामपंथी शासन का अंतिम और मजबूत किला भी गिर गया है। अब किसी भी राज्य में वामपंथी सरकार नहीं है। अब भाजपा और उसके सहयोगी दल (एनडीए) देश के 23 राज्यों में सत्ता में है। अंततः, चुनाव परिणामों ने यह स्थापित किया है कि भारतीय लोकतंत्र में अब 'परफॉर्मेंस पॉलिटिक्स' का दौर मजबूत हो रहा है। जनता अब सवाल पूछ रही है, काम का हिसाब मांग रही है और उसी आधार पर अपना फैसला सुना रही है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है और राजनीतिक दलों के लिए एक स्पष्ट संदेश नकारात्मकता नहीं, काम ही असली चुनावी हथियार है।



चुनाव परिणाम

डॉ. घनश्याम बादल

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सरकारों के गठन या पतन की कहानी नहीं हैं, बल्कि ये भारतीय लोकतंत्र की बदलती मानसिकता, मतदाता की परिपक्वता और राजनीति के नए समीकरणों का जीवंत दस्तावेज हैं। इन चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सत्ता केवल परंपरा, भावनाओं या जातीय समीकरणों के भरोसे नहीं चल सकती; जनता परिणाम चाहती है, विकल्प खोजती है और समय आने पर सत्ता को बेदखल करने में हिचकती नहीं। पश्चिम बंगाल के परिणाम केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि एक लंबे समय से पनप रहे असंतोष का विस्फोट है। वर्षों से स्थापित सत्ता के खिलाफ जनता के भीतर जो नाराजगी थी, वह इस बार निर्णायक रूप से बाहर आई है।

# सत्ता, संदेश और बदलती राजनीति का सच

पांच महत्वपूर्ण राज्यों- पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के ताज़ा विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सरकारों के गठन या पतन की कहानी नहीं हैं, बल्कि ये भारतीय लोकतंत्र की बदलती मानसिकता, मतदाता की परिपक्वता और राजनीति के नए समीकरणों का जीवंत दस्तावेज हैं। इन चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सत्ता केवल परंपरा, भावनाओं या जातीय समीकरणों के भरोसे नहीं चल सकती; जनता परिणाम चाहती है, विकल्प खोजती है और समय आने पर सत्ता को बेदखल करने में हिचकती नहीं। पश्चिम बंगाल के परिणाम केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं बल्कि एक लंबे समय से पनप रहे असंतोष का विस्फोट है। वर्षों से स्थापित सत्ता के खिलाफ जनता के भीतर जो नाराजगी थी, वह इस बार निर्णायक रूप से बाहर आई। प्रशासनिक पक्षपात, कथित भ्रष्टाचार, स्थानीय स्तर पर सत्ता के केंद्रीकरण और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों ने मतदाता को विकल्प तलाशने पर मजबूर किया। दूसरी ओर, विपक्ष ने केवल विरोध नहीं किया बल्कि बूथ स्तर तक संगठन खड़ा किया, मतदाता से सीधा संवाद स्थापित किया और एक वैकल्पिक राजनीतिक कथा गढ़ी। यह जीत केवल एक दल की नहीं, बल्कि उस रणनीति की है जिसमें संगठन, विचार और मौके की सही पहचान का संगम हुआ। हालांकि अब इन चुनाव परिणाम की सच्चाई से बचने के लिए विपक्ष एस आइ आर, केंद्र द्वारा प्रशासनिक मशीनरी एवं सीबीआई तथा ईडी जैसे संस्थानों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाएगा। लेकिन बेहतर हो कि अभी तक सट्टा रोड दल उन मुद्दों पर गौर करें जिनकी वजह से बंगाल की जनता में असंतोष पनप और गलत संदेश गया।

असम में तस्वीर थोड़ी अलग है यहां सत्ता विरोध की लहर को वहां के सत्तारूढ़ नेतृत्व ने कुंद कर दिया। आमतौर पर भारतीय राजनीति में यह देखा जाता है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारें एंटी-इनकंबेंसी की शिकार हो जाती हैं, लेकिन असम में ऐसा नहीं हुआ। इसका कारण है नेतृत्व की स्पष्टता, योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन और पहचान की राजनीति का संतुलित उपयोग। सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं को केवल कागज़ों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें मतदाता के जीवन से जोड़ा। इसके साथ ही, विपक्ष की कमजोर रणनीति और बिखराव ने सत्ता पक्ष के लिए राह और आसान कर दी। यह परिणाम बताता है कि यदि नेतृत्व मजबूत हो और योजनाएं जमीन पर दिखें, तो एंटी-इनकंबेंसी को हराया जा सकता है।

पुडुचेरी का जनादेश छोटे राज्य का बड़ा संकेत है। यहां मतदाता ने स्थिरता को प्राथमिकता दी। गठबंधन की राजनीति का सफल प्रयोग यह दिखाता है कि जब स्थानीय नेतृत्व और राष्ट्रीय समर्थन का संतुलन बनता है, तब परिणाम अनुकूल हो सकते हैं। विपक्ष यहां एक स्पष्ट वैकल्पिक दृष्टि देने में विफल रहा। नतीजा यह हुआ कि मतदाता ने प्रयोग करने के बजाय स्थायित्व को चुना। यह संकेत पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है कि गठबंधन तभी सफल होता है जब उसमें स्पष्ट नेतृत्व और साझा एजेंडा हो।



अब केरल के परिणाम सत्ता के चक्र को दर्शाते हैं। यहां मतदाता ने फिर सिद्ध किया कि कोई भी दल सत्ता को स्थाई डेरा न समझे। लंबे समय तक शासन करने के बाद स्वाभाविक प्रमाद और नीतिगत असंतोष ने सरकार के खिलाफ माहौल बनाया। कांग्रेस ने इस अवसर को पहचाना, अपने संगठन को पुनर्गठित किया और जमीनी स्तर पर प्रभावी अभियान चलाया। इसके अलावा, राज्य में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का चरित्र ऐसा है कि मतदाता संतुलन बनाए रखना चाहता है। यह परिणाम कांग्रेस के लिए राहत का संकेत है, लेकिन स्थायी पुनरुत्थान का प्रमाण नहीं, बल्कि एक अवसर है जिसे उसे आगे भी साबित करना होगा।

तमिलनाडु का जनादेश इन सभी राज्यों में सबसे चौंकाने वाला और दूरगामी प्रभाव वाला है। दशकों से चली आ रही दो-दलीय राजनीति को मतदाता ने एक झटके में चुनौती दे दी। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति में बदलाव का संकेत है। जनता ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह अब विकल्प चाहती है, और यदि पारंपरिक दल उस विकल्प को देने में विफल रहते हैं, तो वह नए नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार है। करिश्माई नेतृत्व, युवा मतदाताओं का समर्थन और परंपरागत दलों के प्रति उदासीनता इन तीनों ने मिलकर एक नई राजनीतिक ताकत को जन्म दिया। यह घटना केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं रहेगी; इसका असर अन्य राज्यों की राजनीति पर भी पड़ेगा, जहां लंबे समय से एक ही तरह की सत्ता संरचना बनी हुई है।इन पांचों राज्यों के परिणामों को समग्र रूप से देखें तो एक स्पष्ट संदेश उभरता है। मतदाता अब अधिक सजग, अधिक मांग करने वाला और अधिक निर्णायक हो चुका है। वह न तो केवल वादों से प्रभावित होता है और न ही केवल भावनात्मक अपील से। उसे ठोस काम चाहिए, स्पष्ट नेतृत्व चाहिए और विकल्प चाहिए। यह लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि यह राजनीतिक दलों को जवाबदेह बनाता है। राष्ट्रीय राजनीति के स्तर पर इन परिणामों का प्रभाव गहरा होगा। एक ओर जहां सत्ताधारी दल इस परिणाम से उत्साहित होकर अगले वर्ष होने वाले उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी जीत का परचम लहराने के लिए हर संभव रणनीति अपनाएगा, वहीं विपक्ष को भी यह संदेश मिला है कि यदि वह संगठित हो, रणनीति स्पष्ट रखे और जमीनी मुद्दों को उठाए, तो वह वापसी कर सकता है। साथ ही, क्षेत्रीय और नए दलों का उभार यह दिखाता है कि भारतीय राजनीति अब बहुध्रुवीय होती जा रही है। यह प्रवृत्ति आने वाले लोकसभा चुनावों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बना सकती है। इसके अलावा, इन चुनावों ने यह भी साबित किया है कि डिजिटल मीडिया, सोशल प्लेटफॉर्म और जमीनी अभियानों का संतुलित उपयोग अब चुनावी सफलता का नया सूत्र बन चुका है। मतदाता तक सीधी पहुंच, पारदर्शिता और त्वरित संवाद ने राजनीतिक दलों की कार्यशैली को बदल दिया है। अब केवल बड़े मंचों की रैलियां ही नहीं, बल्कि छोटे-छोटे संवाद, स्थानीय मुद्दों पर फोकस और विश्वसनीयता की छवि भी निर्णायक भूमिका निभा रही है। अस्तु, कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के ये चुनाव भारतीय लोकतंत्र के "परिपक्वता चरण" का संकेत हैं। यहां मतदाता ने सत्ता को संदेश दिया है काम करो, वरना जाओ। यह संदेश जितना सरल है, उतना ही कठोर भी। अब राजनीति में टिके रहने के लिए केवल नारे नहीं, परिणाम देने होंगे; चेहरे नहीं, विश्वसनीयता चाहि। यही इस जनादेश का सार है व यही भविष्य की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

जनादेश

राजेंद्र बज



# अब जिम्मेदारियों को भी समझने की जरूरत

सभी पांच चुनावी राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गए। अब जनादेश के अनुरूप अलग-अलग राजनीतिक दलों को अलग-अलग भूमिका का निर्वहन करना है। चुनावी दौर में तमाम तरह के आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा, लेकिन अब व्यक्तिगत कटुता भाव को सर्वथा तिलांजलि देकर अपनी-अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर विभिन्न राजनीतिक दलों को व्यापक जनहित की दिशा में अपनी ऊर्जा और चेतना का उपयोग करना होगा। वैचारिक मतभेद चाहे लाख रहें, लेकिन अब लोकतंत्र की राजनीति में व्यक्तिगत कटुता का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अन्यथा लोकतंत्र में लोकतंत्र की मूल भावना तार-तार हो सकती है।इस बार देखा गया है कि प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दलों के शीर्ष नेतागण चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक शैली में नजर आए। सार्वजनिक सभाओं में शीर्ष राजनेताओं ने जिस प्रकार की शब्दावली का उपयोग करते हुए अपने दल के पक्ष में प्रचार किया, वह शब्दावली उनके पद की मर्यादा और गरिमा के अनुरूप नहीं थी। कदाचित देश में किसी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान इस प्रकार की भाषा का इतना व्यापक प्रयोग पहले कम ही देखने को मिला होगा। हालांकि इस स्थिति के लिए किसी दल विशेष या नेता विशेष को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल, कहीं किसी कोने से एक शुरुआत होती है, तदनुसार ईंट का जवाब पत्थर से देने की होड़ मच जाती है।आमतौर पर होता यह है कि जो जिस भाषा और लहजे में बात करता है, प्रत्युत्तर में उसे उसी भाषा और लहजे में जवाब देना आवश्यक समझ लिया जाता है। लेकिन फिर भी जिम्मेदार पदों पर आसीन शख्सियत से यह अपेक्षा तो की ही जाती है कि वह अपने पद और कद की मर्यादा का परिपालन करें। इसके अभाव में दिनोंदिन विकृत होती जा रही राजनीति में और भी अधिक गिरावट आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

विधानसभा चुनाव तो पांच राज्यों में हुए, लेकिन सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के चलते देश और दुनिया ने देखा कि किस प्रकार की भाषा और शैली में प्रचार किया गया। कहा तो यह जाता है कि राजनीति में मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। लेकिन व्यक्तिगत तौर पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला इस कदर बढ़ा कि यह स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद की सीमाओं को लांघता हुआ प्रतीत हुआ। दरअसल होना यह चाहिए कि वास्तविक लड़ाई नीति और सिद्धांतों को लेकर हो, जिसमें व्यक्तिगत विरोध या कटुता का कोई स्थान न हो। यही संदेश नागरिकों के बीच जाना चाहिए। वास्तव में यह समझने लायक बात है कि प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दल कम से कम एक समान उद्देश्य के लिए तो प्रतिबद्ध हैं और वह है अधिकतम जनकल्याण। यही लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है, जिसे हर राजनेता को अपने आचरण और व्यवहार में उतारना चाहिए।इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सत्ता केवल एक माध्यम है, जिसके जरिए आम नागरिकों का जीवन सरल और सहज बनाया जा सकता है। हर नीति, हर निर्णय और हर योजना का अंतिम लक्ष्य नागरिकों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करना होना चाहिए। जिसे शाब्दिक रूप में "सबका साथ, सबका विकास" जैसे विचार से समझा जा सकता है।यहां यह गौर करने योग्य है कि तमाम प्रतिद्वंदी दलों और उनके नेताओं का घोषित लक्ष्य मूलतः समान ही है। अंतर केवल उसे हासिल करने के तरीकों में है। ऐसे में चुनावी प्रतिस्पर्धा को व्यक्तिगत शत्रुता में बदलना लोकतंत्र की आत्मा को आहत करता है। इस प्रवृत्ति पर अब विराम लगना ही चाहिए।इसके साथ ही, राजनीतिक दलों को यह भी समझना होगा कि आज का मतदाता पहले से कहीं अधिक जागरूक और सजग है। वह केवल भाषणों या भावनात्मक अपीलों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि काम, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देता है। इसलिए चुनाव के बाद की राजनीति में संयम, संवाद और सहयोग की संस्कृति विकसित करना समय की मांग है। कुल मिलाकर, अब जबकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित

प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहा- क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार- हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश के कई जिलों को पीएनजी से जोड़ा जाए

भारत सरकार के सबसे बड़े उपक्रम, गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा एक अनुमान के तहत देश में 16,000 किलोमीटर से अधिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गेल द्वारा 2,000 किलोमीटर से अधिक एलपीजी गैस पाइपलाइन का भी संचालन किया जाता है। गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से देश के 22 राज्यों के लगभग 90 से अधिक ज़िलों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसके जरिए सीएनजी, एलपीजी तथा कुछ जिलों में पीएनजी गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। यदि भारत सरकार उन राज्यों के जिलों में, जहां से गैस पाइपलाइन गुजरती है, राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला एवं तहसील मुख्यालयों को पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल करें तो आमजन को राहत मिलेगी।

– रविंद्र जोशी, बिलासपुर

## करंट अफेयर

### अटलांटिक में क्रूज पर संदिग्ध हंता वायरस का प्रकोप

अटलांटिक महासागर में एक क्रूज जहाज पर संदिग्ध हंता वायरस के प्रकोप के कारण एक बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम तीन अन्य के बीमार होने की सूचना है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने दी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मामले की जांच जारी है और कम से कम एक मामले में हंता वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती है, जबकि जहाज पर इसके लक्षण वाले दो अन्य मरीजों को वहां से निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## ऑफ बीट

### कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन

कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है



## X ट्रेंड f

### जनता ने सबक सिखाया

बंगालवासियों ने घुसपैठियों, उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां भूल नही पाएंगी। जिन आशाओं के साथ मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है, हम निश्चित रूप से उन्हें पूरा करेंगे। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### ब्रांड दूत बनें खिलाड़ी

खिलाड़ी 'नशा मुक्त अभियान' के ब्रांड दूत के तौर पर काम करें और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करें। इससे युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी। आप भारत की नई पीढ़ी के आदर्श हैं। आपकी अपील युवाओं को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर



### बंगाल के लोगों का धन्यवाद

जहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ, वह बंगाल हमारा है। पश्चिम बंगाल की देशभक्त जनता को विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनादेश के लिए हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद। यह जनादेश राष्ट्रवाद और विकास के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है। -सम्राट चौधरी, सीएम बिहार



### विश्वास पर खरा उतरेंगे

कांग्रेस केरल की जनता को हार्दिक धन्यवाद देती है कि उन्होंने यूडीएफ को भारी बहुमत से सेवा का मौका दिया है। हमारी जिम्मेदारी हम पहचानते हैं और केरल की जनता ने जो विश्वास हम पर जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे।

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव



## संक्षेप

### 90 युवाओं को मिली नौकरी

#### सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर एनसीआर के लिए किया रवाना

अमेठी, 90 युवाओं को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में नौकरी मिली है। ये सभी युवा बुधवार को नौकरी के लिए नोएडा रवाना हुए। जिले के विकास भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) पूजा साहू ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। ये युवा कौशल विकास मिशन और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षित किए गए हैं। सीटेड संस्था द्वारा प्रशिक्षित इन अभ्यर्थियों को हेल्थकेयर सेक्टर में रोजगार मिला है। उन्हें केयर हेल्थ प्रा. लि., नोएडा में नियुक्त किया गया है, जहां उन्हें 18,000 रुपए मासिक वेतन के साथ निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत नोएडा की तीन अन्य कंपनियों में भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिले के सिंहपुर विकासखंड में एक आवासीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है। वहीं, कौशल विकास मिशन के तहत जगदीशपुर, गौरीगंज, जामों और मुसाफिरखाना में भी प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सेवा योजन अधिकारी अनुपमा रानी, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन एम पी सिंह, राजकीय आईटीआई कठौरा जगदीशपुर के प्रिंसिपल अजय सिंह और कौशल विकास मिशन के एमआईएस मैनेजर संदीप सिंह उपस्थित रहे। सीटेड की टीम से सुशील सिंह, कल्याण मिश्र और विवेक सिंह भी मौजूद थे। अगले सप्ताह 50 अभ्यर्थियों को भेजा जाएगा नोएडासीटेड संस्था के डायरेक्टर संजय सिंह ने बताया कि अगले सप्ताह 50 और अभ्यर्थियों को नोएडा भेजा जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी। नौकरी पर जाने वाले प्रशिक्षणार्थियों में रीता, रागिनी, संगीता, सुरेश और राहुल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे अपने परिवार के लिए कुछ कर पाएंगे।

### जनगणना जागरूकता रैली का आयोजन

#### एसडीएम पंकज मिश्र व तहसीलदार नेहा राजवंशी रहे मौजूद

अमेठी, जनगणना को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें सरस्वती विद्या मंदिर के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली में अमेठी के एसडीएम पंकज मिश्र और तहसीलदार नेहा राजवंशी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। यह रैली तहसील से शुरू होकर कस्बे का भ्रमण करने के बाद रामलीला मैदान में समाप्त हुई। दरअसल, 7 मई से जनगणना की शुरूआत हो रही है। इसी के मद्देनजर प्रशासन द्वारा यह जागरूकता रैली आयोजित की गई। बच्चों ने बैंड-बाजे बजाकर लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक किया।

जागरूकता रैली के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरी यात्रा के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# 17 साल की गर्लफ्रेंड की हत्या करके फेंकी लाश

## शादी का दबाव बना रही थी; प्रयागराज में घर से भगाया, उसी दिन मर्डर किया

अमन लेखनी समाचार


खुशी पाल, मृतक

प्रयागराज, बॉयफ्रेंड ने नाबालिग गर्लफ्रेंड की दुप्पटे से गला घोंटकर हत्या कर दी। उसने चाकू से भी कई वार किए। फिर लाश को शारदा नहर के पास गड्ढे में फेंक दिया। ऊपर से झाड़ियां डाल दीं। ताकि कोई उसे देख न पाए। आरोपी बॉयफ्रेंड 20 अप्रैल को गर्लफ्रेंड को उसके घर से भगा ले गया था। उसी रात उसने वारदात को अंजाम दिया। लड़की की मां ने अगले दिन यानी 21 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस तब से दोनों की तलाश कर रही थी। इस बीच आज यानी गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को मार डाला है। पुलिस ने उसकी निशानदेही से शव बरामद कर लिया है। मामला बहरिया थाने का है। गंगापार के सरायइनायत थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी ऑटो चालक लक्ष्मी नारायण पाल की बेटी खुशी (17) का बहरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक लड़के से अफेयर था। खुशी 4 बहनों में दूसरे नंबर पर थी। मोतीलाल इंटर कॉलेज, जमुनीपुर में कक्षा 9 में पढ़ती थी। दोनों परिवारों को पता चला तो बच्चों को समझाया और दूर रहने को कहा। डीसीपी गंगा नगर कुलदीप गुणावत ने बताया- आरोपी को उसके घरवालों ने बहुत पीटा। उधर, खुशी उस पर घर से भागकर शादी करने का दबाव बनाने लगी। लड़की से छुटकारा पाने के लिए उसने हत्या का प्लान बनाया। उसने खुशी को 20 अप्रैल को दिन में मिलने के लिए बुलाया। दोनों ने तय किया कि आज रात घर से भाग जाएंगे। उन्होंने बताया- प्लान के मुताबिक, खुशी को लेकर आरोपी रात के वक्त घर से भाग निकला। फिर शारदा की सहायक नहर के पास ले जाकर चाकू से कई वार किए। दुपट्टे से गला घोंट दिया। फिर लाश फेंककर भाग गया। इस बीच जब खुशी की मां सुनीता पाल को बेटी घर पर नहीं मिली तो उन्होंने तलाश शुरू की। कहीं नहीं मिलने पर सराय इनायत थाने में केस दर्ज कराया। कहा कि आरोपी अपनी एक दोस्त रिया के साथ मेरी बेटी को घर से भगा ले गया है। बेटी घर से 2 हजार रुपए, सोने की चेन, 3 सोने की अंगूठी, सोने के झुमके, सोने की करधन, एक किलो चांदी की छागल, 500 ग्राम चांदी की कमर पेटी, चांदी की पायल ले गई। उन्होंने आशंका जताई थी कि आरोपी गहने लेकर बेटी की हत्या कर देगा।

नहर के पास से झाड़ियों में मिली डेडबॉडी इसके बाद पुलिस ने दोनों को ट्रेस करना शुरू किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की। दोनों के मोबाइल ट्रैक किए। इससे आरोपी का पता चला। गुरुवार सुबह पुलिस ने आरोपी लड़के को उसके रिश्तेदार के घर से धर दबोचा। उससे प्रेमिका के बारे में पूछा तो बताया- मैंने खुशी को मारकर नहर के किनारे फेंक दिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। नहर के पास झाड़ियों में खुशी पाल की सड़ी गली लाश मिली। बेटी की हत्या की जानकारी मिलने पर मां सुनीता पाल बेसुध हो गई। खुशी की बहन मुस्कान पाल पुलिस ने बताया कि 20 अप्रैल को खुशी कॉलेज के लिए निकली थी। वहां से अपने एक रिश्तेदार के यहां गई। उन्हीं के मोबाइल से लड़के को फोन किया। उसे मिलने के लिए बुलाया। दोनों बाइक से घूमते रहे।

इंस्टाग्राम पर दोनों की दोस्ती हुई थी

# संगम ब्रांड की शराब, संतों में आक्रोश

## साधु बोले- सरकार एक्शन ले, वरना आंदोलन करेंगे; आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, तीर्थ स्थल संगम, करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। देश दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन का महानाम संगम ही है। ऐसे में करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस तो आक्रोश और उबाल होना तय है। आस्था को दरकिनार करते हुए संगम नाम से अंग्रेजी ब्रांड की शराब बाजार में बिक रही है। महंगे दाम की यह शराब रामपुर डिस्टिलरी में तैयार हो रही है। धीरे धीरे संगम नाम की इस शराब ने बिक्री की रफ्तार पकड़ी तो लोगों को जानकारी हुई। अब गुस्सा और गुबार सामने आने लगा है। इसके विरोध में देश के साधु संतों और धर्मगुरुओं ने आवाज बुलंद करनी शुरू की है। संगम नाम से शराब की बिक्री बंद कराने के लिए प्रयागराज के साधु संत देश के धर्मगुरुओं के साथ मिलकर बड़े आंदोलन की तैयारी में हैंराष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्राह्मश्रम महराज बोले अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्राह्मश्रम महराज वृन्दावन का कहना है कि कुछ अराजक तत्वों ने हमारे तीर्थराज प्रयागराज संगम के नाम पर अपनी शराब का नाम 'संगम' रखा है। ये विद्रोह की चिंगारी को जन्म देने जैसा है। समय रहते चेत जाएं, अन्यथा उनको चेताने के लिए सारा समाज एकजुट होकर खड़ होगा। संगम एक विश्व की धरोहर है, विश्व की आस्था उस संगम के साथ जुड़ी हुई है। विश्व के लोग अपने तमाम पितरों के पिंडदान करने के लिए, अपने मृतक लोगों के अस्थियों को लेकर संगम पर जाते हैं जहाँ पर विसर्जन करते हैं। सबकी आस्था उससे जुड़ी हुई है। इसलिए सारा समाज आक्रोशित है। पीठाधीश्वर स्वामी रामास्वामी शास्त्री स्वामी महराज ने कहा- अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पीठाधीश्वर स्वामी रामास्वामी शास्त्री स्वामी महराज गढवा श्रृंगवेरपुरधाम का कहना है कि मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं।

# भांजे की शादी में आए युवक की हार्ट अटैक से मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम गांगन में भांजे की शादी में शामिल होने आए 27 वर्षीय युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक दिल्ली में काम करता था और हृदय रोग से पीड़ित था। भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया है। ग्राम गांगन निवासी स्व. लक्ष्मण राठौर के चार पुत्रों में से दूसरे नंबर का बेटा रजोले, उम्र 27 वर्ष, दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। एक सप्ताह पहले वह अपनी बहन सिया दुलारी के बेटे की शादी में शामिल होने आया था। परिजनों के अनुसार, रजोले हार्ट की बीमारी से ग्रसित था और उसकी दवा चल रही थी। बताया गया कि शादी समारोह के दौरान ही उसने बहन सिया दुलारी को बताया था कि वह हार्ट की दवा घर भूल आया है, जिससे उसे तकलीफ हो रही है। दिनांक 05 मई 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपने गांव गांगन पहुंचा। घर आते ही उसके सीने में तेज दर्द उठा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। अगले दिन मुंबई में काम करने वाला उसका छोटा भाई विमलेश, उम्र 25 वर्ष, गांव पहुंचा। विमलेश ने भाई रजोले की मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की इच्छा जताई। विमलेश की तहरीर पर औरास पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिवार में चार भाई- सियाराम 35 वर्ष, रजोले 27 वर्ष, विमलेश 25 वर्ष, संतोष 20 वर्ष और चार बहनें सिया दुलारी, सुशीला, देशपति, मालती हैं। चारों बहनों की शादी हो चुकी है। भाइयों में केवल बड़े भाई सियाराम का विवाह हुआ है, जो सबसे छोटे भाई संतोष के साथ गांव में ही रहता है। फिलहाल परिवार की ओर से कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट पर भ्रष्टाचार, भेदभाव के गंभीर आरोप

## बहुजन अधिकार सेना ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , बहुजन अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष एडवोकेट शैलेश गौतम ने जिलाधिकारी (डीएम) को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कलेक्ट्रेट और तहसील परिसर में भ्रष्टाचार, भेदभाव और नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कलेक्ट्रेट में तैनात नायब नाजिर अल्नेंद्र सिंह पर दशकों से पद का दुरुपयोग करने, स्थानांतरण प्रक्रिया को प्रभावित करने और अपना वर्चस्व बनाए रखने का आरोप है। इसके अतिरिक्त, अयोध्या मंडल द्वारा नियुक्त विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) हरदेव सिंह, जो अनुसूचित जाति वर्ग से हैं, को उनके पद के अनुरूप कार्य न दिए जाने और उनके साथ जातिगत भेदभाव किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। बहुजन अधिकार सेना ने स्थानांतरण नियमों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया है। शासन की नीति के अनुसार, किसी भी कर्मचारी को एक ही पटल पर 3 से 5 वर्ष से अधिक नहीं रहना चाहिए। हालांकि, ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ प्रभावशाली कर्मचारी केवल पटल बदलते हैं, लेकिन उनका नियंत्रण बना रहता है, जिससे रोटेशन नीति विफल हो रही है। होमगार्ड जवानों को सरकारी सुरक्षा के बजाय निजी कार्यों में लगाए जाने और संबंधित कर्मचारियों द्वारा अवैध संपत्ति अर्जित करने जैसे गंभीर आरोप भी इस ज्ञापन में शामिल हैं। शैलेश गौतम ने डीएम से इन आरोपों पर ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में पूरे प्रकरण की विजिलेंस या एसआईटी जैसी स्वतंत्र एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराना शामिल है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों की चल-अचल संपत्ति, आय के स्रोत और कॉल डिटेल (सीडीआर) की विस्तृत वित्तीय और संपर्क जांच की भी मांग की है।

# महाराणा प्रताप की हटाई गई प्रतिमा

## क्षत्रिय समाज ने दर्ज कराया विरोध, विधायक ने प्रतिमा स्थापना का डीएम को दिया प्रस्ताव

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,कादीपुर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रशासन पर आरोप है कि उसने आधी रात को प्रतिमा हटाई और क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया। इस घटना के विरोध में समाज के सदस्यों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वहीं, कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने प्रतिमा स्थापित करने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी (डीएम) से मुलाकात की। अधिवक्ता और क्षत्रिय समाज के प्रमुख सदस्य अशोक सिंह बिसेन ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कादीपुर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को प्रशासन द्वारा आधी रात को हटाना पूरे समाज का अपमान है। बिसेन ने यह भी आरोप लगाया कि संयोजक ओम प्रकाश सिंह को देर रात उनके घर से गिरफ्तार किया गया, जो प्रशासन की तानाशाही दर्शाता है। अशोक सिंह बिसेन ने प्रशासन के उन अधिकारियों पर भी निशाना साधा जिन्होंने इस घटना में भूमिका निभाई। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षत्रिय समाज इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा और यदि जल्द ही सम्मानजनक समाधान नहीं निकला, तो बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। इस बीच, कादीपुर विधायक राजेश गौतम और नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की।

# 'गांव वाले न आते तो शायद जान चली जाती'

## अमेठी में मैरिज लॉन से युवक को उठा ले गई पुलिस, बेरहमी से पीटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला , रामगंज चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। संसारीपुर निवासी विकास वर्मा ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि 30 अप्रैल की रात 112 पुलिस की मौजूदगी में चौकी के दो सिपाहियों ने उसे बेरहमी से पीटा। पीड़ित का आरोप है कि वह श्याम वाटिका मैरिज लॉन में आयोजित एक बारात से लौट रहा था, तभी सिपाही प्रवीण कुमार सिंह और बलेन्द्र यादव ने पीछे से पकड़कर उसे लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार, पुलिसकर्मी कथित रूप से शराब के नशे में थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे गाड़ी में बैठाकर गले पर पैर रखकर दबाया गया और चौकी में लाकर लाठी-डंडों व बेल्ट से भी पिटाई की गई। विकास वर्मा का कहना है कि मारपीट के दौरान उसकी जांघ पर डंडों के निशान पड़ गए और कान पर चोट लगने से सुनने में भी परेशानी हो रही है। उसने यह भी आरोप लगाया कि कई बार वह बेहोश हो गया। पीड़ित के अनुसार, हालत बिगड़ने पर रात करीब 2 बजे गांव वालों को बुलाकर उससे जबरन साइन करवाया गया और बाद में उसे छोड़ा गया। साथ ही धमकी दी गई कि शिकायत करने पर फर्जी केस में जेल भेज दिया जाएगा। विकास वर्मा ने आरोप लगाया कि घटना के पांच दिन बाद भी न तो उसका मेडिकल कराया गया और न ही कोई ॠकफ दर्ज की गई। उसने रढ अमेठी को प्रार्थना पत्र देकर दोनों सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और चोटों की फोटो भी सौंपी है। पीड़ित ने कहा, ॖबिना गलती के इतना मारा गया कि लगा अब जिंदा नहीं बचूंगा। गांव वाले न आते तो शायद जान चली जाती ॖ इस मामले में रामगंज पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। वहीं, एसपी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सिर में चोट लगने से हुई लापता मरीज की मौत

## डीडीयू अस्पताल में भर्ती टीबी मरीज का 31 घंटे तक नहीं चला पता

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ ,पंडित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती मरीज का शव करीब 31 घंटे बाद अस्पताल के पीछे मिलने से हड़कंप मच गया था। अस्पताल के वार्ड नंबर 8 से टीबी का मरीज रविवार तड़के रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। सुबह मरीज का लहूलुहान शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में गंभीर चोट, पसलियां टूटना और शरीर में खून का थक्का जमना आया है। मृतक की पहचान इगलास के गांव पड़ियावली निवासी 33 वर्षीय राधारमण के रूप में हुई है। सीसीटीवी में दिखा आखिरी मूवमेंटराधारमण पिछले डेढ़ साल से टीबी की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उसकी हालत इतनी नाजुक थी कि 30 किलो वजन के साथ उसे बीती 1 मई को दीनदयाल अस्पताल के दूसरे माले पर स्थित वार्ड आठ में भर्ती कराया गया था। तड़के करीब 3:51 बजे अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों में वह आखिरी बार गैलरी में अकेला टहलता हुआ रिकॉर्ड हुआ। इसके कुछ ही पलों बाद वह अचानक स्क्रीन से ओझल हो गया। जब सुबह उसके पिता देवेंद्र की आंख खुली, तो बिस्तर खाली देख उनके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब राधारमण का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाना क्वार्सी पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी गई।

### सफाईकर्मियों ने देखा शव

सुबह से लेकर सोमवार सुबह तक पुलिस और परिजन अस्पताल के कोने-कोने में राधारमण को तलाशने का दावा करते रहे, लेकिन किसी की भी नजर वार्ड के ठीक पीछे जमीन पर पड़े शव पर नहीं गई। सोमवार सुबह 11 बजे सफाईकर्मियों या राहगीरों ने शव को देखा तो इसकी जानकारी दी। अंदेशा जताया जा रहा है कि वह गैलरी से नीचे गिर गया था, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने समय रहते आसपास चेकिंग करने की जहमत नहीं उठाई।

### सिर में चोट और पसलियां टूटने से हुई मौत

अस्पताल परिसर में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या बता रहे हैं, तो कुछ का मानना है कि बीमारी की हताशा में मरीज ने यह कदम उठाया होगा। पुलिस और अस्पताल प्रशासन का प्रारंभिक अनुमान है कि राधारमण शायद चोरी-छिपे बीड़ी पीने या टहलने के बहाने गैलरी की तरफ गया होगा और शारीरिक कमजोरी के कारण संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। सामान खरीदने निकला युवक गली में भरे पानी से बचने के लिए किनारे लगा टीन शेड का पाइप पकड़ बैठा, जिसमें पहले से करंट उतर रहा था।

जानकारी के अनुसार, इनायतपुर निवासी नितिन पुत्र सुशील कुमार, गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे घर के पास स्थित दुकान पर सामान लेने गया था। गली में बारिश का पानी भरा होने के कारण वह किनारे-किनारे निकल रहा था। इसी दौरान सहारा लेने के लिए उसने पास में लगे टीन शेड के लोहे के पाइप को पकड़ लिया। पाइप में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे नितिन चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने किसी तरह उसे छुड़ाकर आनन-फानन में सीएचसी औरास पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही औरास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है।

ग्रामीणों ने बताया कि गली में जलभराव और खुले तारों की समस्या कई बार बताई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाबालिग किशोरी लापता, तीन के खिलाफ अपहरण का केस

## पिता की तहरीर पर संग्रामगढ़ पुलिस ने जांच शुरू की

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के एक युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पिता ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 3 मई की सुबह करीब चार बजे घर से गायब हो गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक अपने भाई और अन्य परिजनों की मदद से उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। घटना के बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में किशोरी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी युवक का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है, जिससे उसकी लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं और बेटी की जल्द बरामदगी की मांग कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए संग्रामगढ़ पुलिस ने आरोपी युवक, उसके भाई और अन्य सहयोगियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी के अनुसार, किशोरी की तलाश के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# दहेज हत्या में पति-सास-ससुर दोषी

## तीनों को 7-7 साल की सजा, 30 हजार जुर्माना

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,अपर सत्र न्यायाधीश रामलाल की अदालत ने दहेज हत्या और उत्पीड़न के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने मृतका के पति, सास और ससुर को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही तीनों पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की कुल राशि में से 20 हजार रुपये वादी को दिए जाएंगे। मामला हथिगवां थाना क्षेत्र के लाल का पुरवा गांव से जुड़ा है।

### 2016 में हुई थी शादी, बाद में शुरू हुई प्रताड़ना

गांव निवासी बबलू सरोज ने अपनी बहन माया की दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। उनके अनुसार, माया की शादी 1 दिसंबर 2016 को अमर सरोज से हुई थी। शादी में पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी।

### सोने के जेवर और नकदी की थी मांग

आरोप है कि पति अमर सरोज, ससुर छोटेलाल और सास शांति देवी माया से सोने की चेन, अंगूठी और 50 हजार रुपये नकद की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था। माया ने फोन पर अपने भाई को इसकी जानकारी भी दी थी।

### 2018 में हत्या, कोर्ट में 9 गवाह पेश

5 मई 2018 को आरोपियों ने कथित तौर पर माया की फांसी लगाकर हत्या कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाह पेश किए। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तीनों को दोषी ठहराया। राज्य की ओर से एडीजीसी अजय कुमार पांडेय ने मामले में प्रभावी पैरवी की, जिसके बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया।

## संक्षेप

### युवक पर हमला, गंभीर चोटें

#### गांव निवासी युवक, एसपी ऑफिस पहुंच कर न्याय की गुहार

बागपत , छपरौली थाना क्षेत्र के हेवा गांव में एक युवक पर हुए हमले के मामले में पुलिस जांच पर सवाल उठे हैं। पीड़ित के भाई ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है ।शिकायती पत्र में बताया गया है कि यह घटना 17 अप्रैल 2026 की रात करीब 8:30 बजे हुई। अमित के भाई अंकित पर गांव के कुछ लोगों ने लाठी और लोहे की रॉड से हमला किया। इस हमले में अंकित को गंभीर चोटें आईं और सिर बचाने के प्रयास में उनके हाथ की दो उंगलियां भी कट गईं ।इस मामले में थाना छपरौली में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, पीड़ित अमित का आरोप है कि पुलिस ने मामले में सही धाराएं नहीं लगाई हैं और जांच में लापरवाही बरती जा रही है ।अमित ने यह भी आरोप लगाया है कि नामजद आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके बावजूद, उन्हें जल्द ही जमानत मिल गई। अब आरोपी पीड़ित और उसके परिवार को खुलेआम जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं अमित ने मामले के विवेचक पर पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की है कि जांच किसी अन्य निष्पक्ष अधिकारी से कराई जाए और हमले में गंभीर धाराएं जोड़ी जाएं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक सूरज राय से निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। एसपी सूरज राय ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट

बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर श्री गोरख नाथ आश्रम, मौजिजाबाद नांगल भगवानपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। मंदिर समिति ने मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। इसी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं ।निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने आश्रम परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

### सौरभ हत्याकांड में 12 मई को फाइनल बहस

#### अंतिम गवाहों की गवाही भी साहिल के खिलाफ, जल्द केस में आएगा फैसला

मेरठ , चर्चित नीले ड्रम केस सौरभ हत्याकांड में अब साहिल-मुस्कान का बचना पूरी तरह नामुमकिन हो चुका है। साहिल की वकील ने उसके बचाव के लिए अंतिम कोशिश करते हुए जिन गवाहों को मंगलवार को कोर्ट में बुलवाया था उनकी गवाही साहिल के अगेंस्ट आई है। बचाव पक्ष का ये पैंतरा भी अदालत में फेल हो गया ।ये तय हो गया है कि साहिल और मुस्कान अब सजा से नहीं बच पाएंगे। बता दें कि मुकदमे में सुनवाई की अगली तारीख 12 मई लगी है। इस दिन फाइनल बहस होगी। संभावना है कि फाइनल बहस के बाद अगली तारीख पर साहिल, मुस्कान को सजा हो जाएगी।

## राजकीय सम्मान के साथ लोकतंत्र सेनानी को दी गई अंतिम विदाई



**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर, जनपद के खागा तहसील के अन्तर्गत ग्राम सिमौरी निवासी लोकतंत्र सेनानी भोला पुत्र रामरतन का विगत दिवस दिनांक 6 मई को निधन हो गया था, कल दिनांक 7 मई को उनके पैतृक गांव सिमौरी में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ, इस मौके पर जनपद के लोकतंत्र सेनानियों के अलावा क्षेत्रीय विधायिका ऊषा मौर्या, नायब तहसीलदार खागा सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया, इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी प्रदेश महामंत्री नवल-किशोर मिश्र, के पी सिंह, छेदी लाल, रामलाल रमेश प्रसाद गंगाराम समेत अन्य लोकतंत्र सेनानियों समेत शुभचिन्तको ने श्रद्धांजलि अर्पित की भोला के बड़े पुत्र राकेश कुमार ने मुखाग्नि दी, तथा सशस्त्र बलों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## इलाज कराने आई महिला को नकाबपोश ने बनाया निशाना



### रुपए भरा पर्स तथा मोबाइल लेकर भागा चोर

**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामलीला मैदान के समीप सब्जी मंडी से एक महिला का पर्स नकाबपोश चोर ने पार कर दिया पीड़िता ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना देते हुए बताया कि पीड़िता कोतवाली क्षेत्र के जिगनी गांव की निवासिनी मोहम्मद हसन की पत्नी मलरुतुननिशा है जो अपना इलाज कराने रामलीला मैदान स्थित एक दवा खाने में आई थी डॉक्टर द्वारा बताए जाने पर नींबू पानी पीने के लिए नींबू लेने नजदीकी सब्जी मंडी आई वहां से नींबू लेकर वापस जा रही थी ठीक उसी समय नकाबपोश चोर ने महिला के झोले से पर्स और मोबाइल खींचा और भाग खड़ा हुआ पीड़िता ने बताया कि उसके पास में 12500 रुपए थे जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा जहां प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने घटना स्थल की जांच करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की शिनाख्त प्रारंभ की प्रशासन ने बताया कि जल्द ही घटना का अनावरण करने का प्रयास किया जाएगा

## महामंत्री पद समेत आधा दर्जन से अधिक पदों पर प्रथम दिवस हुए नामांकन

### महामंत्री उम्मीदवार अधिवक्ता प्रतिभा देवी समेत अलग-अलग लोगों में दिखा उत्साह

**अमन लेखनी समाचार**



बिंदकी, फतेहपुर ।जनपद के बिंदकी बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया कल प्रारंभ हुई जहां प्रातः काल से लेकर शाम 4:00 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चलती रही आगामी 26 मई को होने वाले मतदान हेतु विभिन्न पदों के लिए नामांकन कल प्रथम दिवस प्रारंभ हुई नामांकन प्रक्रिया में अधिवक्ता संघ बिंदकी की महामंत्री पद की उम्मीदवार अधिवक्ता प्रतिभा देवी ने अपने समर्थक अधिवक्ताओं के साथ पहुंचकर नामांकन संपन्न किया वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार अग्निहोत्री तथा कमलेश प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया ठीक इसी प्रकार ? कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अधिवक्ता सुधीर कुमार सदस्य पद हेतु अधिवक्ता सुधीर सिंह कनिष्ठ सदस्य पद हेतु अधिवक्ता विद्याप्रकाश गौतम आदि ने नामांकन संपन्न किया इस मौके पर अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए बनाई गई समिति के अध्यक्ष रामकरन सिंह चौहान विप्रनारायण तिवारी लक्ष्मीशंकर यादव आनंदशंकर वर्मा राजकुमार सोनकर रामकिशोर वर्मा तथा रमाकांत तिवारी आदि मौजूद रहे

## अचानक मरी मछलियां आसपास फैल रही दुर्गंध



### अमौली में दहशत का माहौल गंभीर बीमारियों की आशंका

**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत स्थापित बड़े तालाब में अचानक कल एक भारी संख्या में मृत मछलियों का ढेर दिखाई दिया आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि विगत दो दिनों से तालाब में मछलियों की संख्या मरने वाली ज्यादा बढ़ती जा रही है आसपास तालाब के किनारे पानी में जमा कूरा कचरा के साथ मरी हुई मछलियां जमा हो गई हैं जिससे दुर्गंध फैलने लगी है वहीं देखा गया कि इस घटना के बाद भी एक नाव पर सवार युवक तथा नाबालिक कुछ बच्चे मछली पकड़ रहे हैं ग्रामीण लोगों में इस घटना को देख गंभीर बीमारी फैलने की आशंका है

## किसानों का प्रदर्शनःमुआवजा, प्लॉट और कर्ज सुविधा को लेकर चेतावनी

### 7 दिन में समाधान न होने पर आंदोलन की बात

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, सदर तहसील के नरहाड़ा, सलेमपुर, चांदसारा और जाहिदपुर सहित कई गांवों के किसानों ने शास्त्रीनगर स्थित आवास विकास कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन धनसिंह कोतवाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर, जिलाध्यक्ष अभिषेक चपराणा और प्रदेश सचिव कुलदीप भड़ाना के नेतृत्व में किसानों ने अधीक्षण अभियंता राहुल यादव को अपनी समस्याओं से संबंधित मांगपत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि लगभग एक वर्ष पहले उनकी जमीनों पर धारा 28 लागू की गई थी। हालांकि, अब तक न तो भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हुई है और न ही इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर ने बताया कि धारा 28 लागू होने के कारण किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और अन्य बैंक ऋण नहीं मिल पा रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के किसानों के हित में किए जाने वाले दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। किसानों ने अपनी जमीनों के लिए एक समान मुआवजे और 6 प्रतिशत आवासीय प्लॉट देने की मांग भी की। जिलाध्यक्ष अभिषेक चपराणा ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला और एक महीने के अंदर धारा 28 नहीं हटाई गई या अधिग्रहण की समय सीमा तय नहीं की गई, तो किसान आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। प्रदेश सचिव कुलदीप भड़ाना ने कहा कि किसान अपनी महंगी जमीन सरकारी योजना के लिए देने को तैयार हैं, लेकिन उनके अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

## स्विमिंग पूल खुलते ही कॉलेज के छात्रों की गुंडई

### विक्टोरिया पार्क में महिला इंचार्ज से की अभद्रता, फॉर्म मांगने पर कहा- कम बोल

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , सबसे ज्यादा लोकप्रिय विक्टोरिया पार्क स्विमिंग पूल के खुलने के साथ ही मेरठ कॉलेज के छात्रों की गुंडागर्दी भी सामने आने लगी है। मंगलवार को दोपहर में विक्टोरिया पार्क के स्विमिंग पूल पर मेरठ कॉलेज के छात्र पहुंचे और बिना किसी से पूछे स्विमिंग पूल में अंदर जाने लगे। वहां मौजूद लेडी इंचार्ज ने उन्हें रोका और जूते उतारकर अंदर जाने को कहा, लेकिन छात्र महिला से अभद्रता करने लगे और बदतमीजी से बात करने लगे ।महिला ने जब छात्रों से फॉर्म मांगा और प्रिंसिपल से शिकायत करने की बात कही तो लड़के बिना उनकी सुने अंदर चले गए और कहने लगे हम तो नहाएंगे, जो करना है कर लो। इसके बाद वे पूल के अंदर जाकर कपड़े उतारकर नहाने लगे। छात्रों ने यह भी कहा की ये पूल कॉलेज का है और हम कॉलेज की फीस भरते है उसमे पूल की भी फीस होती है तो बार - बार ये फॉर्म क्यों भरे ।जब महिला ने उन्हें कपड़े उतारने के लिए मना किया तो छात्रों ने जवाब दिया कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि बच्चों के लिए स्विमिंग ड्रेस रखें, वरना ऐसे ही करेंगे। महिला के रोकने पर छात्र बतमीजी करने लगे और कहने लगे की कम बोल, ज्यादा हल्ला मत कर, तेरे से बात नहीं कर रहे। विरोध करने पर छात्रों ने ऊंची आवाज में बात करते हुए उन्हें चुप रहने तक की धमकी दी ।विक्टोरिया पार्क के स्विमिंग पूल में शहर भर से लोग तैराकी करने आते हैं।

## चार मंजिला इमारत में लगी आग

### धमाके के साथ 3 सिलेंडर फटे, जाल तोड़कर दमकल कर्मियों ने 9 लोगों को बचाया

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद, इंदिरापुरम स्थित नीति खंड-2 में एक चार मंजिला इमारत के बेसमेंट में आग लग गई। बेसमेंट में बने कमरे में चौकीदार खाना बना रहा था। सिलेंडर लीकेज होने के कारण आग लग गई। आग लगते ही वह बाहर की ओर भागा। तभी आग की चपेट में आने से बेसमेंट में रखे 5 सिलेंडरों में से 2 छोटे और एक बड़ा सिलेंडर धमाके के साथ फट गए। इससे आग ने विकराल रूप ले लिया। बेसमेंट में फंसे लोगों में अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची। सोमवार दोपहर इंदिरापुरम स्थित नीति खंड 2 में चार मंजिला इमारत में अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर दोपहर 1:30 बजे वैशाली फायर स्टेशन से 4 गाड़ियां भेजी गईं। इसके बाद साहिबाबाद फायर स्टेशन से एक दमकल की गाड़ी मौके पर भेजी गई। 40 मिनट बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया कि दमकल की कुल पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। तीन सिलेंडर फटे, लोगों में मची अफरा-तफरीदमकल विभाग के 11 सदस्य टीम ने फ्लैट से 5 सिलेंडर निकाले। इनमें एक छोटा सिलेंडर है। उऋड राहुल पाल ने बताया कि 2 छोटे और एक बड़ा सिलेंडर फटा है। टीम ने इमारत से सनी, कार्वीक, गुन्नू, ?पूजा गुप्ता, नेहा गुप्ता, सीमा, जेपी गुप्ता, प्रभा गुप्ता और शरद को बाहर निकाला।

## आवास विकास के खिलाफ फिर शुरू हुआ धरना

### शास्त्री नगर सेक्टर 2 के बाद अब सेक्टर 3 और 4 की महिलाएं बैठी सड़कों पर

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, सेंट्रल मार्केट में सेटबैक को लेकर लगातार नए विवाद सामने आ रहे हैं, जहां एक और सेक्टर 2 की महिलाओं ने 15 दिन धरना चलाने के बाद धरने को स्थगित कर दिया था और सांसद अरुण गोविल के आश्वासन के बाद उन्होंने आवास विकास के नोटिस को भी स्वीकार कर दिया था। इसके बाद सेक्टर 4 की महिलाओं ने अलग से अपना धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया सुबह से ही महिलाएं सड़कों पर आकर बैठ गई और आवास विकास के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सेटबैक को लेकर जो मांग सेक्टर 2 की महिलाओं की थी कि वह अपने मकानो में चल रही कॉर्मशियल गतिविधियां बंद कर देंगे लेकिन सेटबैक नहीं छोड़ सकते0 वही मांग अब सेक्टर 4 की महिलाओं की भी है। उनका भी कहना यही कहना है कि हमने कॉर्मशियल गतिविधियां बंद करदी हैं लेकिन सेटबैक वह नहीं छोड़ सकते क्योंकि उनके भी मकान छोटे हैं और इनमें सेटबैक की गुंजाइश नहीं है।

#### आवास विकास दे चुका है नोटिस

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आवास विकास परिषद द्वारा सभी 815 भूखंडों को नोटिस दिए जा चुके हैं। जिसमें से 105 नोटिस आवास विकास ने डाक से भी भेजें। उपयुक्त आवास विकास अनिल कुमार के अनुसार कोई भी नोटिस उनके पास वापस नहीं आया है सभी नोटिस मालिकों द्वारा रिसीव कर लिए गए हैं। जिस दिन टीम नोटिस चस्पा करने पहुंची थी तो सेक्टर 2 में ही उनका विरोध हुआ था जिसके बाद स्थिति को देखते हुए कुछ नोटिस डाक से भेजे गए थे।

#### सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से भी मिली थी महिलाएं

सेक्टर 2 की महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल बीते शनिवार सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विवेक नारायण शर्मा से भी मिला था जहां उन्होंने अपने सभी साक्ष्य दिए थे। बीते दिन उनकी याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में दर्ज हो गई थी। जिसकी पैरवी भी सांसद अरुण गोविल के नेतृत्व में हो रही है। उन्होंने ही सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से महिलाओं को मिलवाया था और वही इस मामले की पैरवी भी कर रहे हैं।

#### व्यापारियों में बने हैं गुट

शास्त्री नगर के जिन 815 भूखंड स्वामियों को नोटिस मिले हैं उनमें भी गुटबाजी देखी जा रही है। पहले जो धरना सेंट्रल मार्केट के मुख्य बाजार में चलता था जिसके खत्म होने के बाद फिर सेक्टर 2 में इसकी शुरूआत हुई। अब मंगलवार को सेक्टर 4 में या धरना शुरू हुआ है जिसमें साफ तौर पर व्यापारियों की आपसी गुटबाजी देखी जा रही है।

## 12 दो पहिया के साथ दो गिरफ्तार

### दिल्ली-एनसीआर में करते थे चोरी, दोनों पर दर्ज है 22 मुकदमे

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 बाइक और 2 स्कूटी बरामद की गई। इनके नाम अनिकेत उर्फ अंकित और रतन सिंह उर्फ रवि है। दोनों की उम्र करीब 23 और 24 साल है। इन दोनों को टी ब्लॉक सेक्टर-11 से गिरफ्तार किया गया हैएडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि ये दोनों पैदल ही नोएडा , गाजियाबाद , दिल्ली और आसपास के इलाकों में पहले रैकी करते है। इसके बाद भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों को मौका पाकर चोरी कर लेते हैं। चोरी की गई मोटरसाइकिलों एवं स्कूटी को नोएडा के सेक्टर-54 के जंगल में खड़ा करते है आवश्यकता अनुसार उन्हें एक-एक करके बाजार में जरूरतमंद व्यक्तियों को कम दामों में बेच देते हैं।

## रैगिंग मामले में चार छात्राएं सस्पेंड

### ग्रेटर नोएडा के एक यूनिवर्सिटी में छात्रा से मारपीट और अभद्रता का वीडियो आया था सामने

**अमन लेखनी समाचार**



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा की एक निजी यूनिवर्सिटी में रैगिंग का मामला सामने आया है। एक छात्रा के साथ मारपीट और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए छात्राओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए चार छात्राओं को निलंबित कर दिया है। वायरल वीडियो में फर्स्ट ईयर की कुछ छात्राएं हॉस्टल के कमरे में एक अन्य छात्रा के बाल पकड़कर मारपीट करती दिख रही थीं। इस दौरान उसके साथ की छात्राएं वीडियो बना रही थीं। छात्राओं ने पीड़ित छात्रा के बाल खींचने के साथ-साथ भद्दी गालियों का भी प्रयोग किया। वीडियो वायरल होने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एक कमेटी का गठन किया गया, जिसने पूरे मामले की जांच की। जांच के बाद वीडियो में दिख रही चार छात्राओं को निलंबित किया गया। यूनिवर्सिटी ने निलंबित छात्राओं के माता-पिता को बुलाकर कार्रवाई के आधार की जानकारी भी दी है। यह वीडियो करीब 10 से 15 दिन पुराना बताया जा रहा है।

## न्यू नोएडा में प्राधिकरण रोकेगा अवैध निर्माण

### 80 गांवों की ली जाएगी सेटलाइट इमेज, खरीद फरोख्त के लिए जारी होगी कट-ऑफ

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा, न्यू नोएडा को बसाने की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण की है। 2021 में इसकी अधिसूचना जारी की गई। अक्टूबर 2024 में इसका मास्टर प्लान 2041 अप्रूव कर दिया गया। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया होनी है। लेकिन समस्या यहां बढ़ रहा अवैध निर्माण और जमीन की खरीद फरोख्त है। इसका विकल्प तलाशा जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि डीएनजीआईआर के लिए दो बड़े कदम उठाए जाएंगे। या इसे दो कटऑफ माना जाए। पहला कट ऑफ यहां अवैध निर्माण को रोकने के लिए होगा और दूसरा खरीद फरोख्त के लिए। बता दे डीएनजीआईआर 80 गांवों के जमीन को मिलाकर बसाया जाएगा ।मास्टर प्लान अप्रूवल के बाद सेटलाइट इमेप्राधिकरण एसीईओ ने बताया कि अक्टूबर 2024 में डीएनजीआईआर का मास्टर प्लान 2024 को अप्रूव किया गया। इस नए शहर को 209 वर्गकिमी में बसाया जाएगा। इसके लिए अक्टूबर 2024 की सेट लाइट इमेज ली जाएगी। इस महीने तक जितना निर्माण किया गया है उसे वैद्य माना जाएगा। इसके बाद का निर्माण अवैध की संज्ञा में आ सकता है। यदि प्राधिकरण से अनुमति नहीं ली गई है तब।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# जनपद के समग्र विकास हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न



**प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण एवं उनके प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में जनपद एवं विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से मार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण, सेतुओं के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य, क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुलों के विशेष मरम्मत कार्य तथा आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधिगण द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों के विकास, जर्जर पुलों के पुनर्निर्माण, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों की स्थापना तथा खराब हो चुके मार्गों के त्वरित मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

# नसीराबाद यूपी डायल 112 और थाने की पुलिस की तानाशाही रवैया पर हाईकोर्ट ने पुलिस और राजस्व विभाग को तलब कर सुनवाई के दौरान लगाई है फटकार

अमन लेखनी समाचार



नसीराबाद रायबरेली/नसीराबाद थाना क्षेत्र में जमीन विवाद मामले में हाईकोर्ट ने रायबरेली पुलिस अधीक्षक को मकान निर्माण निस्तारण के लिए 6 सप्ताह का समय दिया था समय बीत गया मकान निर्माण का ढांचा भी तैयार होकर खड़ा हो गया लेकिन विडम्बना पीड़ित को छत नसीब नहीं हो पाई दरअसल में नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पूरे जवाहर मजरे काजीपुर तेलियानी शमीम पुत्र मंशीर ने सलोन एसडीएम कोर्ट में विवादित जमीन गाटा 483 का बंटवारा वाद दायर किया एसडीएम गिरजा शंकर सिंह द्वारा वर्ष 2013 में शमीम के पक्ष मे निर्णय दिया लेकिन आमदनी न होने के कारण शमीम द्वारा कब्जा और मकान निर्माण नहीं कर पाया वादी शमीम ने बताया कि तीनों भाईयों का मिलाकर उक्त गाटा के रकबा में 1/3 हिस्सेदारी बनती है और तीनों सहमत हैं वर्ष 2024 बंटवारे के आदेश पर शिकायत पत्र देते हुए एसडीएम अभिषेक वर्मा से न्याय की गुहार लगाई तो राजस्व और पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा दिलाया गया कब्जे के बाद जब भी नीव खोद कर पिलर भरने की कोशिश की जाती तो विपक्षी आलिम रजा ,कलीम, अनीस आदि लोग नसीराबाद डायल 112 और थाने की पुलिस का सहारा लेकर काम में हस्ताक्षेप करते और रोक लगा देते बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों से न्याय की आंस टूटी तो पीड़ित ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने कड़ा रूख अपनाया पुलिस और राजस्व के दोनों जिम्मेदार मुखिया को तलब कर सुनवाई के दौरान फटकार लगाई जिसपर राजस्व विभाग की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि वह 13 जून 2024 को लिखित रूप में पीड़ित को कब्जा दिला दिया गया है आवश्कता है तो पुलिस बल की जिस पर कोर्ट का माथा ठनका और राजस्व विभाग को किनारे करते हुए रायबरेली पुलिस कप्तान एवं नसीराबाद थाना अध्यक्ष को आदेश करते हुए मौके पर पुलिस जाने की रोक लगाते हुए 6 सप्ताह के भीतर निस्तारण का भी फरमान जारी कर दिया जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और माकान निर्माण का ढांचा तैयार हो गया लेकिन उसी बीच पीड़ित की पत्नी की गंभीर बीमारी के चलते लखनऊ निजी अस्पताल में काफी दिनों तक इलाज होने की वजह से छत नहीं लग पाई शमीम द्वारा बीते सप्ताह छत डालने को लेकर निर्माण कार्य शुरू किया तो विपक्षी पुलिस का सहारा लेकर फिर काम में रोक लगा दिया पीड़ित ने बताया कि तत्कालीन एसडीएम अभिषेक वर्मा तीन बार मौके पर आकर जांच किए हैं वहीं वर्तमान एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम दो बार पहुंच कर जायजा लिया है जिसके बाद विपक्षियों की पुनः सुनवाई पर दूसरी बार 2025 में चिठ्ठी बंटवारा का आदेश पीड़ित पक्ष में फिर जारी किया गया है

### क्या कहती है संयुक्त जांच रिपोर्ट

नसीराबाद रायबरेली/23 अक्टूबर 2024 को पीड़ित मामले में संयुक्त जांच टीम भेजी गई रिपोर्ट में गोरे कागज की तरह स्पष्ट कहां गया है कि वादी शमीम,नदीम,जावेद पुत्रगण मुंशीर अहमद द्वारा संयुक्त रूप से गाटा संख्या 483 में एक बटा तीन भाग पर यानि पीड़ित अपने हिस्से पर निर्माण कर रहा है शेष 2 बटा 3 भाग पर विपक्षी आलीम राजा, कलीम, नसीम आदि लोगों के कब्जे में है रिपोर्ट पीड़ित पक्ष में पूरी तरह से है

### पुलिस कप्तान की जांच रिपोर्ट

नसीराबाद रायबरेली/पुलिस कप्तान जांच रिपोर्ट में सलोन सिओ से जांच कराए जाने का उल्लेख करते हुए बताया गया कि राजस्व विभाग लेखपाल कानूनगो तहसीलदार के लिखा पड़ी और साक्ष्य एवं अभिलेखों से यह स्पष्ट होता है कि वादी शमीम अपने हिस्से की जमीन पर निर्माण कार्य कर रहा है पीड़ित द्वारा पुलिस को दिए लिखित बयान में भी माकान निर्माण कार्य होने को कहां है लेकिन वादी का कहना है कि यही पुलिस कोर्ट जाने के बाद हरकत में आई जिसके बाद जबरियन मेरी सहमती लिखित में ली है

### क्या कहती है जिला डीएम

नासीराबाद रायबरेली/जिलाधिकारी सरनजीत कौर ब्रोका ने बताया कि सलोन तहसील दिवस में एक पक्ष आया था मेरे द्वारा निर्माण कार्य में रोक न लगाकर केवल थाना अध्यक्ष को जांच के लिए लिखा गया है पीड़ित पक्ष समीम द्वारा भी शिकायत में आदेश और साक्ष्य देकर अवगत कराया गया जिसपर सलोन एसडीएम को आदेश में कहां गया है की जांच कर नसीराबाद थाना अध्यक्ष को कार्यवाही के लिए आदेश करें

### पुलिस कप्तान और सिओ क्या कहते हैं

नसीराबाद रायबरेली/मामले में पुलिस अधीक्षक रबी कुमार के सीयूजी नम्बर पर कई बार कॉल करने के बावजूद भी जब फोन रिसीव नहीं हुआ तो सलोन सिओ यदुवेंद्र पाल के पास फोन कर मामले को अवगत कराया जिस पर सिओ ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मामला पुराना है मेरे संज्ञान में नहीं है जिस कारण मैं कुछ नहीं कह सकता

खास समाचार

## मनोनीत सभासदों का हुआ शपथ ग्रहण, संभाला पदभार

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट/सोनभद्र। माननीय राज्यपाल द्वारा रेणुकूट नगर पंचायत में आशीष मिश्रा, माया गुप्ता, प्रभाकर गिरि तथा पिपरी नगर पंचायत में मनोनीत सभासदों प्रमोद जायसवाल, कृष्ण कुमार गौड़, प्रदीप सिंह रानू को उपजिलाधिकारी निखिल यादव ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल बन गया। जगह-जगह मिठाइयाँ बांटी गईं और लोगों ने खुशी का इजहार किया। शपथ ग्रहण में जिले से चलकर आई जिला महामंत्री शारदा खरवार जी ने अपने संबोधन में शारदा खरवार ने इस नियुक्तियों को समर्पण, मेहनत और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान बताया है। इन से विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी तथा जनता की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। वरिष्ठ नेता चांद प्रकाश जैन ने भी विश्वास जताया कि मनोनीत सभासदों से क्षेत्र में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी और आमजन को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। मनोनीत सभासद आशीष मिश्रा और उनकी पत्नी निगम मिश्रा को उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद करके जुलूस निकाल कर शपथ ग्रहण स्थल से उनके आवास तक पहुंचाया। इस अवसर पर चेयरमैन ममता अनिल सिंह, मण्डल अध्यक्ष छवि शाह, उमेश ओझा,पंकज मिश्रा,बृंदावन मौर्या ,उदय नाथ मौर्या,विष्णु गुप्ता, किरण सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# चेयरमैन ने हरी झंडी दिखाकर जेसीबी व कूड़ा गाड़ियों को किया रवाना

**चोपन नगर पंचायत को मिली नई सौगात: जेसीबी मशीन व चार कूड़ा गाड़ियां सेवा में शामिल**

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन को स्वच्छता एवं विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से एक जेसीबी मशीन एवं चार कूड़ा गाड़ियां प्राप्त हुई हैं। बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में इन वाहनों का विधिवत पूजन-अर्चन कर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, अधिशाषी अधिकारी अखिलेश सिंह एवं सभासदों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नए वाहनों के जुड़ने से नगर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि जेसीबी मशीन के माध्यम से नाली सफाई, कचरा निस्तारण एवं अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्रता से किया जा सकेगा, वहीं कूड़ा गाड़ियों के संचालन से घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अधिशाषी अधिकारी अखिलेश सिंह ने बताया कि नगर पंचायत स्वच्छता को लेकर लगातार प्रयासरत है और इन संसाधनों के जुड़ने से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी वाहन नियमित रूप से निर्धारित क्षेत्रों में संचालित किए जाएं, ताकि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे। कार्यक्रम के दौरान सभासद रामपरीखा विश्वकर्मा, दिव्या विकास सिंह, घनश्याम चौधरी, राजेश अग्रहरि, नागेंद्र यादव, अनिकेत रावत, अनिल जायसवाल, सुशील साहनी, पंकज बिंद, विनीत जाटव, नरेश यादव, अरुण कुमार, जितेंद्र पलहा, जीतू सिंह, राजेंद्र अग्रहरि, विकास चौबे, रामनरेश चौधरी, राधारमण पांडेय, रिजवान अहमद व सद्दाम कुरैशी इत्यादि लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और नगर के विकास की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना करमा का किया गया वार्षिक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। थाना करमा पर पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर0पी0 सिंह के आगमन पर पुलिस बल द्वारा सलामी दी गई, जिसे उनके द्वारा स्वीकार किया गया। तत्पश्चात थाना करमा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी प्रणाली, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय एवं साफ-सफाई व्यवस्था सहित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में अभिलेखों/रजिस्टरों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने, प्रविष्टियों की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा रिकॉर्ड संधारण में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मालखाने में जमा माल के विधिसम्मत शीघ्र निस्तारण एवं शस्त्रों के समुचित रख-रखाव पर



विशेष बल दिया गया अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, फरार अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी दबिश देने, हिस्ट्रीशीटरों की सतत निगरानी रखने एवं सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही बीट पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ करने, सूचना तंत्र मजबूत करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने पर बल दिया गया मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए महिला हेल्प डेस्क की सक्रियता बढ़ाने, महिला/बालिका संबंधी शिकायतों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा कर साइबर अपराधों पर त्वरित संज्ञान, पीड़ितों को शीघ्र सहायता एवं जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अंत में जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, पारदर्शी कार्यप्रणाली, प्रभावी अपराध नियंत्रण एवं संवेदनशील पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देश दिए गए।

# न.प. ने मीट ब्रिकी को रोकने के लिए होटलों व दुकानों को जांचा

**पिपली व पिहोवा रोड पर जिला नगर आयुक्त के आदेशानुसार की कार्रवाई, दुकानदारों को दी चेतावनी।**

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि शहर में अवैध रूप से मीट ब्रिकी को लेकर नगर परिषद की तरफ से चैंकिग की गई। इस चैंकिग के दौरान टीम ने पिपली से अंबाला रोड पर स्थित ढाबो, होटलों व दुकानों को चैक किया। चैकिंग के दौरान होटलों की रसोई, उनका मैन्यू कार्ड व अंदर होटलों को चैक किया गया और आगे भी इस तरह की चैंकिग निरंतर जारी रहेगी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद थानेसर द्वारा समय-समय पर ऐसे दुकानदारों व होटलों की चैकिंग की जाती है, जहां पर मीट बेचने का काम किया जाता है। अभी हाल में ही अमीन रोड पर नप की सीमा में चल रही कई मीट की दुकानों को सील भी किया था। उन्होंने बताया कि सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम द्वारा पिपली व पिहोवा रोड पर दुकानों व होटलों की चैंकिग की गई है। इस दौरान दुकानदारों को समझाया कि कुरुक्षेत्र एक धार्मिक स्थल है और यहां पर मीट की ब्रिकी पूरी तरह से प्रतिबंध है। यदि किसी के पास मीट की ब्रिकी होती पाई तो उसपर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान दुकानें सील करने करने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सोनभद्र का बैठक कर किया वार्षिक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस महानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर आर.पी. सिंह द्वारा आज दिनांक 06.05.2026 को जनपद सोनभद्र के वार्षिक निरीक्षण के द्वितीय दिवस पर पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान फील्ड यूनिट, जिला नियंत्रण कक्ष और स्थानीय अभिसूचना इकाई (छकव) के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तत्पश्चात, जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक (उ३ॅी टीॅ३ल्लॅ) आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं प्रगति की समीक्षा की गई उक्त समीक्षा में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रूणवाल, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी, जनपद के समस्त थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**समीक्षा बैठक के मुख्य एजेंडा बिन्दु–**

### 1. विवेचना एवं निस्तारण:

दिनांक 30-04-2026 तक सर्किलवार/थानावार लम्बित कुल विवेचनाओं की समीक्षा।

60/90 दिवस की समयसीमा में निस्तारण हेतु लम्बित विवेचनाओं का संख्यात्मक विवरण।

एनसीआर के लम्बित विवेचनाओं की वर्तमान स्थिति।

विवेचनोपरान्त प्रेषित आरोप पत्र / अन्तिम रिपोर्ट जो अब तक न्यायालय में दाखिल नहीं हो सकी है, उनका वर्षवार विवरण।

### 2. अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही:

वांछित अपराधियों एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण।

जनपद स्तर पर चिन्हित टॉप-10 अपराधियों की सूची एवं उनके विरुद्ध कृत कार्यवाही।

विभिन्न प्रकार के चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध की गई कठोर दण्डात्मक कार्यवाही।

दिनांक 01.01.2026 से 30.04.2026 तक खोले गये एच.एस. का विवरण।

### 3. विशेष अधिनियम एवं निरोधात्मक कार्यवाही:

गुण्डा एक्टः गुण्डा एक्ट वादों के विचारण की स्थिति एवं जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही।

गैंगस्टर एक्टः उ.प्र. गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत की गई कार्यवाही एवं अपराधियों की सम्पत्ति जब्तीकरण का विवरण।

पंजीकृत कराये गये गैंगों का संख्यात्मक विवरण।

दिनांक 30.04.2026 तक पंजीकृत अवैध धर्मान्तरण के मामलों की समीक्षा।

### 4. अपराध तुलनात्मक आंकड़े एवं बरामदगी:

भादवि , महिला सम्बन्धी अपराध और एससी/एसटी अधिनियम के दो वर्षीय तुलनात्मक आंकड़े।

सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों (लूट, चोरी) में की गई बरामदगी का विवरण।

मादक पदार्थों एवं आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत की गई बड़ी बरामदगी एवं अभियुक्तों पर कार्यवाही।

गोवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही।

5. लम्बित गंभीर अपराध :

अनावरण हेतु शेष हत्या, लूट, नकबजनी एवं वाहन चोरी के अभियोगों की समीक्षा।

एस.आर.ओ. केस (हत्या, दहेज मृत्यु, बलात्कार, डकैती आदि) के लम्बित अभियोगों का वर्तमान स्टेटस।

# कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए विधायक स्नेहा दुबे-पंडित नियुक्त

अमन लेखनी समाचार



वसई। वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा दुबे-पंडित को महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा गठित ह्लराज्य जांच एवं निगरानी समितिह्ल (र३३ी कल्ल२स्त्रीू३ङ्गल्ल ंल्ली टङ्गल्ल३ङ्१ल्लॅ उङ्के३३ी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समिति गर्भधारणापूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिबंध) अधिनियम, 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बनाई गई है।महाराष्ट्र सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में पुनर्गठित इस समिति का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर अपराधों पर सख्ती से रोक लगाना, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना तथा राज्यभर में पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों की निगरानी करना है।समिति के कार्यों में सोनोग्राफी एवं जेनेटिक काउंसलिंग केंद्रों की जांच, अनियमितता पाए जाने पर मशीन सील करने की सिफारिश, संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत बनाना शामिल है। समिति का कार्यकाल 3 वर्षों का रहेगा।इस समिति के अध्यक्ष महाराष्ट्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री होंगे, जबकि राज्यमंत्री उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। समिति में महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्षा, विधायक स्नेहा दुबे-पंडित, एक अन्य विधानसभा सदस्य तथा दो महिला विधान परिषद सदस्यों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। अपनी नियुक्ति पर विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने कहा,रबेटियों की सुरक्षा और समाज में लिंग संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार का यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। समिति के माध्यम से कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और जनजागरूकता अभियान को भी प्राथमिकता दी जाएगी।ह्लमहाराष्ट्र शासन का यह निर्णय राज्य सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है तथा संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से अमल करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

# नवागत जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने अधिकारियों संग की पहली बैठक



**कलेक्ट्रेट सभागार में तय की प्राथमिकताएं, योजनाओं की प्रभावी डिलीवरी पर जोर**

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज। नवागत जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनसे जिलाधिकारी ने विभागवार कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की डिलीवरी में गुणवत्ता और गति दोनों सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को उसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण, जनसुनवाई को प्रभावी बनाने और शिकायतों के समाधान में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों को संतुष्ट करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने स्वच्छता, जल संरक्षण, नगर विकास और ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




## तय समय पर रिलीज होगी प्रभास की फिल्म स्पिरिट

**मुंबई।** प्रभास और तृप्ति डिमरी की अदाकारी से सजी फिल्म 'स्पिरिट' के मेकर्स ने साफ किया है कि यह फिल्म तय वक्त पर 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में खबरें आईं कि सलमान खान अपनी अगली फिल्म साउथ के मेकर्स के साथ बना रहे हैं। इसके निर्देशक दिल राजू होंगे। खबरें यह भी थीं कि सलमान खान अपने ट्रेंड को जारी रखते हुए इस फिल्म को अगले साल ईद के मौके पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए 'स्पिरिट' के मेकर्स ने इसकी रिलीज 1 दिसंबर 2027 कर दी। हालांकि, अब मेकर्स ने साफ किया है कि 'स्पिरिट' 5 मार्च को ही रिलीज होगी।

लाइफ Style



## रिद्धिमा

### सबसे बड़ा चैलेंज था कुछ नया शुरू करना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी'से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं।

यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। उन्होंने अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है। रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।' रिद्धिमा ने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पहली बार अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़ा था। साल 2019 में न्यूयॉर्क में ऋषि कपूर के कैंसर इलाज के बाद यह पहला मौका था जब उन्होंने ऐसा किया। इस फिल्म में एक खास पल भी देखने को मिलेगा, जहां रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर और बेटी समारा के साथ 'सेंटी' गाने में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



### ब्लेक- जस्टिन के बीच सेटेलमेंट

लॉस एंजिल्स। अगस्त 2024 में हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही यह विवाद दुनियाभर में चर्चा में रहा। हालांकि, बीते 4 मई को दोनों कलाकारों ने इस मामले पर कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लिया है। बीते दिनों ब्लेक और जस्टिन के बीच चल रहे इस कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया।




### टॉम को है क्रोशिया का शौक जेंडाया के साथ करते हैं प्रैक्टिस

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और टॉम हॉलैंड काफी वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर इस कपल ने शादी रचा ली है। हालांकि, दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शादी की अफवाहों के बीच टॉम हॉलैंड हाल ही में अपनी एक हॉबी के बारे में बात करते दिखे। दरअसल, उन्हें क्रोशिया का शौक है। उनका यह शौक अब पार्टनर जेंडाया को भी हो चला है और दोनों घर पर साथ में इसकी प्रैक्टिस करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में यह खुलासा किया कि वे और उनकी पार्टनर जेंडाया फुरसत के पलों में घर पर साथ में क्रोशिया करना पसंद करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में आयोजित 'बेरो पैडल क्लासिक' इवेंट के दौरान इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्रोशिया करने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है।



## राकेश दिखाएंगे नोरा के साथ डांस मूव्स


**मुंबई।** धुरंधर में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता राकेश बेदी लगातार अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। धुरंधर के दोनों पार्ट्स में अपने कॉमेडी टच से लोगों का दिल जीतने वाले राकेश बअब अपने डांस मूव्स दिखाने के लिए तैयार हैं। यही नहीं, वो आइटम डांस की क्वीन कही जाने वाली नोरा फतेही के साथ एक गाने पर कदमताल करते नजर आएंगे। अभिनेता ने नोरा के साथ शूटिंग करने की जानकारी देते हुए बीटीएस झलक दिखाई है। राकेश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वो नोरा के साथ एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बीटीएस झलक भी दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम वीडियो की शुरुआत यह कहते हुए की, 'आज मैं भारत की सबसे बड़ी स्टार में से एक के साथ शूटिंग कर रहा हूं।



## शाहरुख को दिया मेट गाला में डेब्यू का श्रेय

**मुंबई।** 78वें मेट गाला में निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपना डेब्यू किया। इसके साथ ही करण इस इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय फिल्ममेकर भी बन गए। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए आउटफिट में करण ने राजा रवि वर्मा की विरासत को दर्शाया। करण के लुक की काफी चर्चा भी रही। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने अपने दोस्त और सुपरस्टार शाहरुख खान को दिया। शाहरुख ने पिछले साल ही मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। साथ ही करण ने शाहरुख के साथ अपनी पक्की दोस्ती पर भी बात की। इवेंट के दौरान बातचीत में करण जौहर से शाहरुख खान के साथ उनके करीबी संबंध और दोस्ती के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो ये बहुत भावुक पल है। शाहरुख खान मेरे कॅरियर का एक अहम हिस्सा हैं।

## टीवी मसाला




### लॉक अप 2 में गोविंदा की पत्नी सुनीता बनीं पहली कंटेस्टेंट..!

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का होस्ट किया गया शो 'लॉक अप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। शो के कंटेस्टेंट्स में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का नाम भी आ रहा है। साथ ही, होस्ट को लेकर भी कुछ बदलाव किए गए हैं। अगर इंडस्ट्री की खबरों पर यकीन करें तो एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो में डेब्यू करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें 'लॉक अप' के दूसरे सीजन के लिए संपर्क किया गया है और उन्हें फाइनल भी कर लिया गया है। यह शो इस बार नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने की उम्मीद है। आगामी सीजन की शूटिंग जल्द ही शुरू होने की संभावना है, जो सुनीता का रियलिटी टेलीविजन में एक कंटेस्टेंट के तौर पर पहला अनुभव होगा। खबरों की मानें तो उन्होंने शो के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि, सुनीता से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। जो लोग इस शो से परिचित नहीं हैं, उनके लिए बता दें कि 'लॉक अप' एकता कपूर का बनाया गया एक हाई-ड्रामा रियलिटी शो है, जिसमें विवादित कंटेस्टेंट्स को एक साथ जेल में बंद कर दिया जाता है और उनसे निजी राज उजागर करने, टास्क पूरे करने और एलिमिनेशन से बचने के लिए कहा जाता है। कंगना रनौत के होस्ट किए गए पहले सीजन में मुनव्वर फारूकी विनर बने थे और यह एकता के अब बंद हो चुके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म **ALTBalaj**i पर प्रसारित हुआ था।

### तान्या ने शुरू की सीरियल की शूटिंग

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल इन दिनों खूब चर्चा में हैं। सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में हिस्सा लेने के दौरान, एकता कपूर ने उन्हें अपने आगामी टीवी शो में



एक रोल ऑफर किया था। शो खत्म होने के बाद, तान्या मुंबई में एकता के घर गईं और उन्होंने पुष्टि की कि वे जल्द ही साथ मिलकर काम करेंगी। अब, उनके फैंस की खुशी के लिए, तान्या ने आखिरकार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपने पहले शो की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वैनिटी वैन से एक वीडियो शेयर करते हुए अपडेट दिया है। तान्या मित्तल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पर वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो की शूटिंग शुरू होने पर अपने फैंस के साथ वैनिटी वैन से मैसेज दिया। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, बालाजी और हूनर के साथ मेरे पहले शो की शूटिंग शुरू हो गई है।

## इम्तियाज की फिल्म से टकराएगी कंगना अभिनीत भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** कंगना रनौत बीते कुछ दिनों से फिल्मों से ज्यादा राजनीति में सक्रिय हैं। लेकिन, अब उनके फैंस का इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता'है। मेकर्स ने इसका पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का खुलासा किया है। भारत भाग्य विधाता 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला इम्तियाज अली की आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा'से होगा। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा'एक लव स्टोरी है। 'मैं वापस आऊंगा'भी 12 जून को रिलीज होगी, जिसमें दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



भारत भाग्य विधाता के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक साधारण लोगों की असाधारण कहानी! वो रात, जब इंसानियत डर से भी बड़ी बनकर सामने आई। जब जिम्मेदारी ने बलिदान का रूप लिया, जब एकता ने कर्तव्य निभाया और जब हिम्मत ने कई जिंदगियां बचाई। भारत के असली हीरोज की अनकही कहानी। फिल्म में भारत के उन हीरोज की कहानी बताएगी, जो अनसुनी है। फिल्म में कंगना रनौत लीड रोल में नजर आएंगी। इसे मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। इसके लेखक और निर्देशक मनोज तापड़िया हैं।

## अमिताभ की ये पांच कॉमेडी फिल्में हैं मस्ट वॉच

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को 'एंग्री यंग मैन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में की जहां वो गंभीर किरदार निभाते नजर आए। अपने गंभीर किरदारों में अमिताभ बच्चन को खूब पसंद किया गया। पर 'एंग्री यंग मैन' ने अपने करियर में कुछ कॉमेडी रोल्स भी निभाए जिन्हें दर्शकों ने उतना ही प्यार दिया। आज हम आपको अमिताभ बच्चन की 5 बेस्ट कॉमेडी फिल्मों के नाम बता रहे हैं। अगर आपने ये फिल्में नहीं देखी हैं तो आपको जरूर देखनी चाहिए।

***चुपके चुपके*** : लिस्ट में सबसे पहले अमिताभ बच्चन की फिल्म चुपके चुपके का नाम है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और शर्मिला टैगोर नजर आई थीं। इस फिल्म को हृषिकेश मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.3 है। अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। चुपके चुपके एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है।

***सत्ते पर सत्ता*** : लिस्ट में



दूसरा नंबर अमिताभ बच्चन की साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म सत्ते पर सत्ता का है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ हेमा मालिनी नजर आई थीं। इस फिल्म में अमजद खान भी नजर आए थे। सत्ते पर सत्ता एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। सत्ते पर सत्ता को राज एन सिप्पी ने डायरेक्ट किया था।

***नमक हलाल*** : लिस्ट में तीसरे नंबर पर साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म नमक हलाल है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, वहीदा रहमान और स्मिता पाटिल जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है।

***हेरा फेरी*** : लिस्ट में चौथे नंबर पर अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना की हेरा फेरी है। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.6 है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म साल 1976 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

***बड़े मियां छोटे मियां*** : लिस्ट में पांचवे नंबर पर 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ गोविंदा नजर आए थे। अमिताभ और गोविंदा, दोनों का इस फिल्म में डबल रोल था। फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.9 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर फ्री में देख सकते हैं।

## मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की देखने को मिली झलक

## हेइडी क्लम से लेकर जेना ओर्टेगा तक, बॉलीवुड से प्रेरित रहा इन सेलेब्स का लुक

*मुंबई। मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की झलक देखने को मिली। मगर कई रेड कारपेट अपीयरेंस ऐसे भी थे जिनकी तुलना फैंस ने बॉलीवुड एक्टर्स के लुक से कर दी। हेइडी क्लम के लुक से लेकर कैटी पेरी के मास्क तक इवेंट में भारतीय फैंस को सब कुछ बॉलीवुड से इंस्पायर्ड लगा। कुछ यूजर्स ने इसके शानदार कनेक्शन भी निकाले।*



### हेइडी और ऋतिक

हेइडी क्लम, मेट गाला इवेंट में लाइव स्टैच्यू बनकर पहुंचीं। संगमरमर की मूर्ति जैसा उनक यह लुक देखकर फैंस को ऋतिक रौशन की याद आ गई। फिल्म 'धूम 2' के एक सीन में ऋतिक ने म्यूजियम से हीरा चुराने के लिए खुद को इसी तरह मूर्ति के रूप में ढाला था।

### कैटी और राज

कैटी पेरी के मास्क वाले लुक की मेट गाला 2026 में खूब चर्चा रही। स्टेला मैककार्टनी के डिजाइन किए हुए गाउन और फेंसिंग से प्रेरित मास्क में पहुंचीं कैटी का यह लुक इवेंट में चर्चा का विषय रहा। फैंस ने इसकी तुलना शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्र के स्टाइलिश मास्क लुक से की।

### जॉर्डन और विक्रम बेताल

निर्माता जॉर्डन रोथ ने मेट गाला 2026 के लिए मानव आकृति से जुड़ा डिजाइन चुना। उन्होंने एक मूर्तिकलानुमा ड्रेस पहनी जिसमें उन्होंने अपनी पीठ पर एक और शख्स को लदा दिखाया। फैंस ने उनका यह लुक अरुण गोविल के शो 'विक्रम बेताल' से इंस्पायर्ड बताया।

### कॉनर और रणवीर

कॉनर स्टोरी ने एंथनी वैकारेलो द्वारा डिजाइन किए गए सेंट लॉरेंट आउटफिट को मेट गाला के रेड कार्पेट के लिए फाइनल किया। टोरी ने अपने लुक में ब्लैक सूट के साथ एक लहराता हुआ पोल्का-डॉट स्कार्फ पेयर किया। उनके इस लुक की तुलना रणवीर सिंह के एक पुराने लुक से की गई। इसमें रणवीर भी पोल्का डॉट प्रिंट शर्ट में नजर आए।



### हैली और दीपिका

जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने भी मेट गाला में शिरकत की। उन्होंने गोल्डन टॉप के साथ नेवी ब्लू स्कर्ट मैच की और साथ ही नेवी ब्लू स्कैंडिनेवियाई स्कार्फ कैरी किया। उनके इस अंदाज की तुलना फैंस ने दीपिका पादुकोण से की। इस लुक को देखकर फैंस को दीपिका की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के 'बदतमीज दिल' से उनका लुक याद आ गया।